दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 200 | जयपुर, शुक्रवार, 30 जून, 2023 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष- द्वादशी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

## जरूरी खबर

### बाड़मेर में ढाई इंच बारिश से मौसम हुआ खुशनुमा



**जयपुर।** प्रदेश में गुरुवार को राजधानी सहित करीब डेढ़ दर्जन टोंक, कोटा, बूंदी, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, बारां, झालावाड़, अलवर, भरतपुर, सवाईमाधोपुर, उदयपुर, झुंझुनूं, चूरू और सीकर के दिनभर बारिश हुई। बीते 24 घंटों में सर्वाधिक बारिश बाड़मेर में 62 एमएम दर्ज हुई। फतेहपुर (सीकर) में 43.5 एमएम, चित्तौड़गढ़ 41.1 डूंगरपुर 34.4 एमएम, पिलानी में 34.4 एमएम सहित डेढ़ दर्जन जगहों पर बारिश रिकॉर्ड की गई। इधर, बारिश से पहले राजधानी में दोपहर तक पसीने छुड़ाती उमस ने आमजन को परेशान कर दिया। वहीं, प्रदेश में ज्यादातर जगहों पर तापमान 40 डिग्री से नीचे दर्ज हुआ।

### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज मेवाड़ दौरे पर

**जयपुर।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को उदयपुर आएंगे। शाह दोपहर को उदयपुर पहुंचेंगे। वे यहां गांधी ग्राउंड पर केन्द्र में मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वे जनजाति समाज के विशिष्ट जनों से संवाद करेंगे। माना जा रहा है कि वे यहां गहलोत सरकार को कई मुद्दों पर घेरेंगे। इधर, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की तरफ से कन्हैया हत्याकांड को लेकर उठाई गई जल्द न्याय की मांग का भी जवाब दे सकते हैं।

### आईएएस मीना तमिलनाडु में मुख्य सचिव नियुक्त

**जयपुर।** टोंक जिला निवासी आईएएस अधिकरी शिव दास मीना तमिलनाडु के मुख्य सचिव बनाए गए हैं। मीना टोंक जिले के बेगमपुरा गांव के निवासी है। उनके मुख्य सचिव बनने पर टोंक स्थित उनके पैतृक गांव में खुशी का माहौल है। स्टालिन सरकार ने मीना के नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए हैं। मीना को वी इराई अंबू के स्थान पर तमिलनाडु का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। मीना नगर निगम प्रशासन एवं जलदाय विभाग के एसीएस थे। उन्होंने जयपुर के एमएनआईटी से इंजीनियरिंग की है।



**प्रदेश में मुख्य सचिव उषा शर्मा ही अगले छह महीने और रहेंगी ब्यूरोक्रेसी की मुखिया**

# केंद्र में भी अच्छी गुडविल से मिला एक्सटेंशन

■ अगली सरकार तक बनी रहेंगी मुख्य सचिव ■ दस साल रह चुकी हैं केंद्र में कई अहम पदों पर

**बेधड़क | जयपुर**

नई सरकार के गठन तक उषा शर्मा ही राज्य की मुख्य सचिव रहेंगी। शर्मा के कार्यकाल में 6 माह की बढ़ोतरी की गई हैं। अब उनका कार्यकाल 31 दिसंबर 2023 तक रहेगा। इसी के साथ राज्य के नए मुख्य सचिव के लिए नामों को लेकर चल रही अटकलों पर भी विराम लग गया है। उषा शर्मा 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाली थीं। इस बीच केन्द्र ने राज्य सरकार के उषा शर्मा के कार्यकाल को 6 माह को बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए आदेश आज जारी कर दिए।

उषा शर्मा भारतीय प्रशासनिक सेवा की दूसरी महिला वरिष्ठ अधिकारी हैं, जो यहां मुख्य सचिव के पद पर आसीन हुईं। उन्होंने एक फरवरी, 2022 को प्रदेश के मुख्य सचिव का पदभार संभाला था। इससे पहले वह दस साल तक केंद्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर रही थीं। उनकी दिल्ली की अफसरशाही में अच्छी गुडविल मानी जाती है। यही कारण रहा कि वे केन्द्र और राज्य की गहलोत सरकार के बीच खटास के बावजूद कार्यकाल छह माह बढ़वाने में कामयाब रहीं।

**कांग्रेस के दिग्गज नेता की रिश्तेदार**

आईएएस उषा शर्मा के पास केंद्र का लंबा अनुभव है। वे कांग्रेस के एक दिग्गज नेता की रिश्तेदार भी हैं। अगर मुख्य सचिव उषा शर्मा को एक्सटेंशन नहीं मिलता तो वरिष्ठ आईएएस वीनू गुप्ता, सुबोध अग्रवाल, वी श्रीनिवास, शुभ्रा सिंह, राजेश्वर सिंह, रोहित कुमार सिंह आदि मुख्य सचिव के पद की दौड़ में शामिल माने जा रहे थे।

**केंद्र की स्वीकृति को लेकर था असमंजस**

यह पहले ही माना जा रहा था कि गहलोत सरकार उषा शर्मा को सेवा विस्तार दे सकती है। इसकी एक वजह यह भी मानी जा रही थी कि विस चुनाव 2023 में ही होने हैं और सरकार चुनाव से पहले सीएस नहीं बदलना चाहती। अलबत्ता, केंद्र की स्वीकृति को लेकर असमंजस था, क्योंकि पिछले दो-तीन वर्षों में कई अधिकारियों के एक्सटेंशन की फाइल केंद्र ने लौटा दी थी।

**भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा का कांग्रेस पर प्रहार**

# कांग्रेस PM की प्रशंसा पर उन्हें कहती है नीच... बिच्छू



■ भाजपा अध्यक्ष ने कहा... ये कांग्रेसी अनपढ़, महंगाई की बात करते हैं

■ भ्रष्टाचार, महिला अपराध में नंबर एक पर गहलोत सरकार

**बेधड़क | जयपुर**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने गुरुवार को एक दिवसीय भरतपुर दौरे में कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री के तौर पर नरेन्द्र मोदी के नौ साल के कार्यकाल को देश की साख बढ़ाने वाला बताया। नदबई में आयोजित जनसभा में नड्डा ने कहा कि जब विश्व स्तर पर प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा होती है तो कांग्रेस उन्हें नीच, सांप, बिच्छू, और चाय बेचने वाला कहती है। दुनिया तारीफ करती है, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री कहते हैं कि मोदी यू आर बॉस, एलन मस्क बोलते हैं, 'आई एम योर फैन' कोई बोलता है, यू आर दी हीरो। उन्होंने कहा कि विदेशों में भारत की छवि में बड़ा बदलाव आया है और अब ध्यान अंतरिक्ष, विदेशी निवेश और प्रौद्योगिकी पर समझौतों पर केंद्रित हो गया है। अब भारत के बारे में बात करते समय कोई भी पाकिस्तान का जिक्र नहीं करता।

देश में महंगाई पर बात करते हुए नड्डा ने कहा कि कांग्रेसी अनपढ़, महंगाई की बात करते हैं। खाने की सामग्री में भारत की महंगाई दर 2.7 प्रतिशत है, जबकि पाकिस्तान में 48.75 प्रतिशत, अमेरिका में 5.4 प्रतिशत है, ब्रिटेन में 8 प्रतिशत, रूस में 11 प्रतिशत और जर्मनी में 9 प्रतिशत से महंगाई बढ रही है।

**भाजपा को जिताओ, पानी आप तक पहुंचेगा**

नड्डा ने गहलोत सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के तहत केंद्र से सर्वाधिक बजट आवंटन के बावजूद जल जीवन मिशन में राजस्थान 29वें स्थान पर है। लोगों से चुनाव में कांग्रेस के खिलाफ वोट की अपील करते हुए नड्डा ने कहा कि कांग्रेस राज में महिलाओं के खिलाफ अपराध में राजस्थान अग्रणी राज्य है। आप भाजपा को जिताओ तो शासन का फर्क समझ आ जाएगा। आपको गजेंद्र सिंह से पैसा मिलेगा और मोदी से आशीर्वाद मिलेगा, और पानी आप तक पहुंचेगा, यह ध्यान रखें। उन्होंने आरोप लगाया कि गहलोत ने विधायकों को भ्रष्टाचार करने की खुली छूट दे रखी है।

स्वागत...



**वंशवाद को लेकर विपक्ष पर हमला**

भाजपा प्रमुख ने भरतपुर में पार्टी के एक नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं को भी संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने वंशवाद की राजनीति को लेकर विपक्षी दलों पर भी हमला किया और कहा कि लोग अगर ऐसी पार्टियों को वोट देते हैं, तो वे कुछ परिवारों और उनके बच्चों को समृद्ध बनाने के लिए मतदान करते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी ने देश की राजनीति की संस्कृति को बदल डाला। आज उन लोगों को खतरा हो गया, जो पार्टियों के नाम पर वंशवाद चला रहे थे और पनपा रहे थे। नड्डा ने कहा कि यदि आप वंशवादी पार्टियों को वोट देते हैं तो यह उनके परिवार के विकास के लिए होता है, लेकिन यदि आप मोदी को वोट देते हैं, तो आप देश और अपने बच्चों के लिए वोट करते हैं। कांग्रेस भी मां, बेटी और बेटे की पार्टी बन गई है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के कारण भारत की गरीबी 22 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत हो गई है।

**मुख्यमंत्री को लगी चोट:** आज बुलाई मंत्रिपरिषद की बैठक

# बाएं पैर में माइनर फ्रैक्चर... सात दिन आराम की सलाह

**बेधड़क | जयपुर**



मुख्यमंत्री अशोक गहलोत गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास स्थिति कार्यालय से अपने कक्ष में जाते हुए फिसल गए। इससे उनकी पैर की अंगुली में चोट आ गई। उन्हें सवाई मानसिंह अस्पताल ले जाया गया, जहां एक घंटे तक चले ट्रीटमेंट के बाद डिस्चार्ज कर दिया है। सीएम के दोनों पैरों में चोट आई है। चिकित्सकों ने उन्हें 7 दिन के बेड रेस्ट की सलाह दी है। मुख्यमंत्री के अगले सात दिनों के दौरे कैंसिल कर दिए गए हैं। वे अपने सरकारी निवास में ही रहकर कामकाज निपटाएंगे।

उन्होंने शुक्रवार को शाम साढ़े पांच बजे मंत्रिपरिषद की बैठक भी बुलाई है। मुख्यमंत्री के चोटिल होने की सूचना पर राज्यपाल कलराज मिश्र सहित अन्य नेताओं ने फोन पर उनकी कुशलक्षेम जानी। वहीं, कई नेताओं और समर्थकों ने सोशल मीडिया पर मैसेज लिखकर गहलोत के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। गहलोत ने खुद भी सोशल मीडिया पर संदेश लिख कर अपने स्वास्थ्य की जानकारी साझा की और शुभकामनाएं देने वालों का आभार जताया। इलाज के बाद सीएम अशोक गहलोत अस्पताल से मुख्यमंत्री निवास आ गए हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी गहलोत के साथ एसएमएस अस्पताल पहुंचे थे।

एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा ने बताया कि मुख्यमंत्री के दोनों पैर के अंगूठों में चोट लगने के कारण उन्हें सात दिन के बेड रेस्ट की सलाह दी है।

## ईद मुबारक



**जयपुर।** यहां दिल्ली रोड स्थित ईदगाह पर गुरुवार को ईद-उल-अजहा की नमाज अदा करते हजारों अकीदतमंद। इस मौके पर तमाम नमाजियों ने देश में अमन-चैन की दुआ मांगी। इनसेट में गले मिलकर एक-दूसरे को बकरीद की बधाई देते बच्चे।

**फोटो: पंकज शर्मा**

**कांग्रेसी महापौर और अतिरिक्त आयुक्त का मामला गरमाया**

# मेयर व पार्षदों पर राजकार्य में बाधा और SC/ST एक्ट में मामला दर्ज

- सरकार ने दी परमिशन तो अतिरिक्त आयुक्त पहुंचे माणक चौक थाने
- महापौर मुनेश भी वर्मा के खिलाफ आज जा सकती हैं महिला थाने
- मेयर और पार्षदों ने अपना धरना रंधावा के आश्वासन पर किया था स्थगित

**बेधड़क | जयपुर**

हेरिटेज निगम में 16 जून को हुए घटनाक्रम को लेकर राज्य सरकार से अनुमति लेकर अतिरिक्त आयुक्त राजेन्द्र वर्मा ने कांग्रेसी मेयर और कुछ पार्षदों के खिलाफ माणक चौक थाने में मामला दर्ज करा दिया है। इससे महापौर और वर्मा के बीच का विवाद और ज्यादा गरमा गया है। वर्मा ने शिकायत में बताया है कि वे 16 जून को वह अपने चेंबर में काम कर रहे थे। तभी कुछ अन्य लोगों के साथ कांग्रेसी पार्षद जबरन घुस आए और उन्हें जबरन महापौर के चेंबर में ले गए। वहां महापौर ने टेंडर फाइल पर हस्ताक्षर नहीं करने को लेकर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अभद्रता की और बंधक बना दिया। मामले की जांच कर रहे एसीपी माणक चौक हेमंत जाखड़ शुक्रवार को निगम मुख्यालय में मौका मुआयना करेंगे।

**ग्रेटर निगम जैसा विवाद... कार्रवाई में फर्क!**

दो साल पहले ग्रेटर निगम में भी मेयर सौम्या गुर्जर और आयुक्त के बीच विवाद हो गया था, मामले में सरकार ने जांच होने तक महापौर व तीन पार्षदों को पद से हटा दिया था। अब हेरिटेज निगम में ऐसा ही मामला सामने आया है। इसमें वैसी ही कार्रवाई नहीं होने पर पार्षदों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।



**मामला तो हम दर्ज कराएंगे: मेयर**

महापौर मुनेश गुर्जर ने कहा कि वर्मा के आरोप बेबुनियाद हैं। मैंने या किसी भी पार्षद ने गलत शब्दों का उपयोग नहीं किया। हम तो खुद राजेन्द्र वर्मा के द्वारा की गई अभद्रता करने के खिलाफ धरने पर बैठे थे। वर्मा अपनी गलती छिपाने के लिए पार्षदों को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। हम खुद महिला थाने में राजेंद्र वर्मा के खिलाफ मामला दर्ज कराएंगे।

**वर्मा ने इन पर लगाया आरोप**

माणक चौक थाना पुलिस ने महापौर मुनेश गुर्जर, उप महापौर असलम फारुखी, पार्षद उमर दराज, नीरज अग्रवाल, शफीक कुरैशी, सुनिता मावर, राविया गुडएज, अंजलि ब्रह्मभट्ट, पार्षद पति मोहम्मद अख्तर, आयशा सिद्दीकी, फरीद कुरैशी, फूलचंद, पार्षद के रिश्तेदार शाकिर, महापौर के पति सुशील गुर्जर और बसन्त असवाल को आरोपी बनाया है।

**आश्वासन के बाद भी केस दर्ज, पार्षद सकते में**

राजेन्द्र वर्मा के निलंबन की मांग को लेकर महापौर और कांग्रेसी पार्षद धरने पर भी बैठे थे। कांग्रेस प्रभारी सुखविंदर रंधावा के कार्रवाई के आश्वासन के बाद धरना स्थगित कर दिया गया था। ऐसे में वर्मा का आरएएस से आईएएस प्रमोट होना और मेयर व पार्षदों के खिलाफ ही मामला दर्ज होने से कांग्रेस पार्षद सकते में आ गए हैं। धरने में शामिल कुछ पार्षदों ने तो यहां तक कह दिया कि जिसके खिलाफ कार्रवाई करनी थी, उसे तो आईएएस बना दिया और हम पर केस दर्ज करा दिया।

## जरूरी खबर

### स्कॉटलैंड में प्रवासी राजस्थानियों से मिले डॉ. जोशी



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी ने स्कॉटलैंड में राजस्थान एसोसिएशन ऑफ स्कॉटलैंड के सदस्यों से मुलाकात की। जोशी ने कहा कि स्कॉटलैंड की धरती पर राजस्थानी संस्कृति को जीवंत रखकर प्रवासियों ने राजस्थान और भारत का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा भी मौजूद थे। एसोसिएशन के अध्यक्ष शरद भंसाली ने डॉ.जोशी को बताया कि स्कॉटलैंड में नागौर, चूरू, झुंझुनूं सहित प्रदेश के लगभग सभी जिलों के लोग यहां आकर व्यवसाय कर रहे हैं।

### महंगाई राहत कैंपों में 1.75 करोड़ परिवार लाभान्वित

**जयपुर।** सरकार की ओर से आयोजित महंगाई राहत कैंपों में गुरुवार शाम तक 1.75 करोड़ से ज्यादा परिवार इन कैंपों से लाभान्वित हो चुके हैं, जबकि गांरटी कार्ड वितरण का आंकड़ा भी 7.49 करोड़ से अधिक का हो गया है। आंकड़ों के अनुसार इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना में 54.69 लाख, मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना में 92.17 लाख, निःशुल्क कृषि बिजली योजना में 11.22 लाख, ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में 66.38 लाख एवं इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में 4.36 लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हुए हैं।

### 17वां सांख्यिकी दिवस समारोह आयोजित



**जयपुर।** सांख्यिकीविद प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस की 130वीं जयंती के मौके पर 17वें सांख्यिकी दिवस पर कई कार्यक्रम हुए। सांख्यिकी मंत्री गोविन्द राम मेघवाल ने कहा कि आंकड़ों के बिना योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव नहीं है। गुरुवार को एचसीएम रीपा स्थित भगवत सिंह मेहता सभागार में हुए कार्यक्रम में मेघवाल ने कहा कि महालनोबिस के जीवन से प्रेरणा लेकर उत्कृष्ट कार्य कर समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। सांख्यिकी विभाग का महत्व पुराने समय में युद्ध में सबसे आगे चलने वाले हरावल दस्ते के समान है, क्योंकि विश्वसनीय डाटा के बिना न तो आमजन के कल्याण से संबंधित योजनाओं का निर्माण नहीं हो सकता है।

---

**कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने पीएम मोदी पर कसा तंज,** भाजपा नेताओं को बताया कायर

# कांग्रेस की विचारधारा का मुकाबला नहीं कर सकती भाजपा

■ सिर्फ राहुल गांधी कर सकते हैं 4 हजार किमी. तक पैदल यात्रा

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए पीएम नरेन्द्र मोदी और भाजपा पर जुबानी हमला बोला।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि राहुल गांधी जैसा नेता ही देश के मुद्दे के लिए 4 हजार किलोमीटर तक पैदल यात्रा निकाल सकता है, लेकिन यह सब मोदी नहीं कर सकते। यह कायर लोग हैं। यह झूठ बोल सकते हैं, बेईमानी कर सकते हैं, गुमराह कर सकते हैं, भाई को भाई से लड़ा सकते हैं और संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर सकते हैं। यह लोग कांग्रेस की आइडियोलॉजी का मुकाबला नहीं कर सकते। पीसीसी चीफ के इस बयान के बाद राजनीतिक जानकारों का कहना है कि डोटासरा ने इशारों-इशारों में मोदी को कायर बताया है।



### केंद्रीय मंत्रियों पर वार

डोटासरा ने ईआरसीपी के मुद्दे पर राजस्थान पहुंचे केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे पर भी तंज कसते हुए कहा कि राजस्थान में सफेद दाढ़ी वाले जो मंत्री आए, उनकी जनता ने क्या दुर्गति की। ऐसे मंत्री को डूब कर मर जाना चाहिए, जिनको यह नहीं पता कि वह कहां जा रहे हैं और उन्हें क्यों भेजा गया है। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्री अश्वनी चौबे से जब ईस्टर्न कैनाल प्रोजेक्ट पर सवाल पूछा गया तो वह जवाब नहीं दे सके थे।

### भारतीय जनता पार्टी का असली चेहरा सबके सामने

पीसीसी चीफ डोटासरा ने गजेंद्र सिंह शेखावत पर भी जुबानी हमला करते हुए कहा कि अब जल शक्ति मंत्री कह रहे हैं कि राजेंद्र राठौड़ की सरकार बनवा दो तो हम इस परियोजना के लिए 46 हजार करोड़ दे देंगे। जिनसे ईआरसीपी के बारे में पूछा जा रहा है और कह रहे हैं कि चुनाव जीत जाएंगे तो सब हो जाएगा। चुनाव जनता ने जिताकर कुर्सी पर बैठाया है। देश के प्रधानमंत्री अजमेर में कहकर गए थे, जयपुर में कहा था कि ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करेंगे। अब कह रहे हैं कि राजेंद्र राठौड़ का राज ला दो तो हम 46 हजार करोड़ दे देंगे। राठौड़ का राज तो आने वाला नहीं है। कांग्रेस का राज आएगा तो क्या यह पैसे जनता को नहीं मिलेंगे। मुख्यमंत्री गहलोत ने ईआरसीपी के लिए 13 हजार करोड़ दिए हैं। अब भाजपा का नकाब हट गया है और असल चेहरा सबके सामने आ गया है।

### भाजपा के नेता आपस में एक-दूसरे को निपटाने में लगे

डोटासरा ने कहा कि भाजपा में हर कोई अपनी पार्टी के नेताओं पर तंज कस रहा है। आपस में एक-दूसरे को निपटाने में लगे हैं। इन्हें जनता की नहीं कुर्सियों की चिंता है। राजस्थान की जनता सब देख रही है। डोटासरा ने कहा कि जिस तरह कर्नाटक और हिमाचल में कांग्रेस पार्टी जीती है और राजस्थान को लेकर वेणुगोपाल ने बयान दिया है, उससे साफ है कि राजस्थान में सभी नेता एकजुट हैं और हमारे बीच कोई झगड़ा नहीं है।

---

**जोधपुर को** मुख्यमंत्री गहलोत ने दी कई सौगात

# एलिवेटेड सड़क के निर्माण से मिलेगी ट्रैफिक जाम से निजात

**मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य यूनिट खोली जाएंगी, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन का होगा निर्माण**

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरुवार को जोधपुर को एक दिन में कई सौगातें दी हैं। जो आमजन की सुविधाओं से लेकर उन्हें चिरंजीवी रखने में योगदान देंगी। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को सीएमआर पर जोधपुर में प्रस्तावित मल्टीलेवल एलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में जोधपुर में प्रस्तावित मल्टीलेवल एलिवेटेड रोड, मथुरादास माथुर चिकित्सालय में कॉटेज वार्ड और 25 ओटी वाले ब्लॉक के निर्माण के साथ ही जोधपुर में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य यूनिट खोलने, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन और आधुनिक बर्न यूनिट स्थापित करने को लेकर सीएम ने स्वीकृति प्रदान की।

इस दौरान बैठक में सार्वजनिक निर्माण मंत्री भजनलाल जाटव, मुख्य सचिव उषा शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, पीडब्ल्यूडी के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया, एनएचएआई के प्रतिनिधि मनोज कुमार, जोधपुर कलेक्टर हिमांशु गुप्ता, जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त देवेन्द्र कुमार सहित विभिन्न वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



### एमडीएम के लिए 93.27 करोड़ मंजूर

जोधपुर के मथुरादास माथुर चिकित्सालय में ऑपरेशन थियेटर ब्लॉक जिसमें 25 ओटी और 100 बैड युक्त कॉटेज वार्ड ब्लॉक का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री गहलोत ने इसके लिए 93.27 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है। प्रस्ताव के अनुसार ओटी ब्लॉक के निर्माण के लिए 42.32 करोड़ रुपए और उपकरणों के लिए 29.16 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है, साथ ही 20.80 करोड़ रुपए की लागत से कॉटेज वार्ड ब्लॉक का निर्माण और इसके लिए 99 लाख रुपए के उपकरण खरीदे जाएंगे।

### दो हजार करोड़ से बनेगा एलिवेटेड रोड

बैठक में बताया गया कि लगभग 2 हजार करोड़ रुपए की लागत से प्रस्तावित यह 10.7 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड रोड जोधपुर में किशोरबाग से शुरू होकर आखलिया सर्किल तक जाएगा। यह एलिवेटेड रोड कृषि उपज मंडी, महामंदिर चौराहे, पावटा चौराहे, सोजती गेट, जालोरी गेट, 5वीं रोड चौराहे और बॉम्बे मोटर चौराहे से होकर गुजरेगा। जोधपुर मल्टीलेवल एलिवेटेड रोड के लिए केन्द्र सरकार को भेजी गई विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट वर्ष 2040 तक की ट्रैफिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। सीएम ने कहा कि जोधपुर में मल्टीलेवल एलिवेटेड रोड से लोगों को यातायात के दबाव से राहत मिलेगी। यह एलिवेटेड रोड शहर के औद्योगिक विकास को गति देगा।

### चिकित्सा के लिए 28.12 करोड़

जोधपुर के महात्मा गांधी चिकित्सालय में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य यूनिट, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन एवं आधुनिक बर्न यूनिट की स्थापना की जाएगी। इसके लिए 28.12 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है। प्रस्ताव के अनुसार 20.69 करोड़ रुपए से चिकित्सालय में 150 बैड युक्त मातृ एवं शिशु केन्द्र, 6.76 करोड़ रुपए से ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन की स्थापना और 67.71 लाख रुपए से बर्न यूनिट के लिए उपकरणों की खरीद होगी।

---

**मुख्यमंत्री ने दी वित्तीय स्वीकृति**

# डीग में 4.21 करोड़ रुपए से स्थापित होगा संग्रहालय

**बेधड़क** | जयपुर

भरतपुर के डीग में संग्रहालय स्थापित किया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 4.21 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव का अनुमोदन किया है।

प्रस्ताव के अनुसार, संग्रहालय में भरतपुर राजवंश के इतिहास को प्रदर्शित करती गैलेरी, महाराजा सूरजमल गैलेरी, आर्म्स गैलेरी, मूर्ति गैलेरी, उत्खनन गैलेरी, कला एवं संस्कृति गैलेरी, ब्रजमंडल गैलेरी, पेंटिंग गैलेरी सहित कुल 8 गैलेरी का निर्माण किया जाएगा। साथ ही, डीग किला क्षेत्र में मुख्य द्वार से संग्रहालय भवन तक हाई मास्ट लाइट, सोलर लाइट, जल आपूर्ति संबंधी कार्य, पर्यटकों की सुविधा के लिए आवागमन तथा अन्य विकास कार्य भी करवाए जाएंगे।

गहलोत के इस निर्णय से पर्यटकों को डीग किले के साथ-साथ भरतपुर के राजवंश, ब्रज की कला एवं संस्कृति, प्राचीनकाल के हथियारों सहित विभिन्न जानकारियां एक ही स्थान पर मिल सकेंगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2023-24 के बजट में इस संबंध में घोषणा की गई थी।



### सालासर में होंगे सीवर लाइन कार्य

चूरू के सालासर में सीवर लाइन के कार्य करवाए जाएंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री ने 30 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रावधान को स्वीकृति दी है। यह राशि राजस्थान शहरी विकास कोष से वहन की जाएगी। प्रस्ताव के अनुसार, 12.93 करोड़ रुपए की लागत से सीवर लाइन तथा 1.42 करोड़ रुपए की लागत से 0.27 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट सहित विभिन्न कार्य किए जाएंगे। इससे सालासर में अपशिष्ट प्रबंधन संबंधी सुविधाएं विकसित होंगी तथा आमजन को सुगमता होगी।

---

**जलदाय मंत्री से मिला डेनमार्क का दल,** जॉइन्ट एक्शन प्लान पर चर्चा

# पहले चरण में 3 जिलों में जल प्रबंधन

**बेधड़क** | जयपुर



जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल मंत्री डा. महेश जोशी से गुरुवार को सिविल लाईन्स स्थित मंत्री आवास पर डेनमार्क से आए प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। जोशी से डेनमार्क के प्रतिनिधियों ने राजस्थान एवं डेनमार्क के आपसी सहयोग के लिए तैयार जॉइन्ट एक्शन प्लान पर चर्चा की। बैठक में बताया गया कि आपसी सहयोग के पहले चरण में पायलट बेसिस पर जयपुर, भीलवाड़ा और नवलगढ़ में पेयजल प्रबंधन, गैर राजस्व जल, छीजत में कमी लाने और चुने हुए क्षेत्रों में 24 घंटे पेयजल आपूर्ति पर कार्य होगा। यहां इस कार्य की सफलता के बाद इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा।

जलदाय मंत्री ने पानी बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में जल का विशेष स्थान रहा है। हमारे यहां प्राचीन समय से कुएं व बावड़ियों के माध्यम से जल संग्रहण किया जाता रहा है। डेनमार्क के प्रतिनिधियों ने उनकी गत सप्ताह की नवलगढ़ यात्रा का जिक्र करते हुए वहां की पारम्परिक वर्षा जल संचय प्रणालियों को सराहा और जल बचत में योगदान बताया।

आरहूस डेनमार्क की डायरेक्टर प्लानिंग लुइसे पेपे ने कहा कि आपसी सहयोग की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए शहरी पेयजल क्षेत्र में सेवाओं और गुणवत्ता में सुधार, वितरण तंत्र की दक्षता में वृद्धि से गैर राजस्व जल छीजत में कमी, जल स्त्रोतों का समन्वित प्रबंधन, अपशिष्ट जल प्रबंधन एवं पुर्नचक्रण, नदियों के कायाकल्प के लिए हरित समाधान आदि क्षेत्रों में राजस्थान और डेनमार्क मिलकर कार्य करेंगे।

प्रतिनिधि मंडल में आरहूस शहर म्यूनिसिपलिटी की प्रोजेक्ट मैनेजर मिस एल्के स्टब्सगार्ड, क्रिश्चियन ब्रनमार्क, डेनमार्क दुतावास की सेक्टर काउंसलर डॉ. अनिता कुमारी व अन्य शामिल थे। बैठक में मुख्य अभियंता शहर केडी गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य अभियंता शहरी अमिताभ शर्मा व पीएचईडी अधिकारी मौजूद रहे।

---

फरीदाबाद से लापता हो गई थी विक्षिप्त महिला

# सच बेधड़क बना मददगार, लापता महिला को परिजनों से मिलाया

**बेधड़क** | जयपुर

**सच बेधड़क** एक बार फिर जनता की उम्मीदों पर खरा उतरा है। हमेशा की तरह इस बार भी सच बेधड़क जनता की आवाज बना और आमजन के घरों में खुशियां लौटाने में सहयोगी बना। दरअसल, राजस्थान मूल की संतोष शर्मा फरीदाबाद में रहती थी।

मानसिक विक्षिप्त होने के कारण वह तीन दिन पहले घर से लापता हो गई थी। लापता होने पर संतोष के परिजनों ने उन्हें कई जगह ढूंढा और लापता महिला को घर पहुंचाने वाले को ईनाम देने की घोषणा भी की, लेकिन उन्हें कामयाबी नहीं मिली। इसके बाद परिजनों ने सच बेधड़क से संपर्क किया और सच बेधड़क ने सामाजिक सरोकार को ध्यान में रखते हुए प्रमुखता से खबर को न्यूज चैनल पर चलाया। इसके बाद तीन दिन से लापता महिला खबर चलाने के 12 घंटे में परिजनों तक पहुंच गई। इसके लिए परिजनों ने सच बेधड़क न्यूज चैनल को धन्यवाद दिया।



### ‘सच बेधड़क’ का दिल से आभार

**सच बेधड़क** न्यूज चैनल का मैं बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं। चैनल ने हमारी गुहार को आमजन तक पहुंचाया। इसके बाद मेरी मां हमारे घर तक पहुंच पाई। मैं दिल से चैनल का आभार व्यक्त करता हूं।

**पीयूष शर्मा,** लापता महिला का परिजन

---

**नड्डा की सभा में भाजपा नेताओं ने कांग्रेस को घेरा**

# गहलोत ने 13 जिलों की लाइफ लाइन ईआरसीपी को अटका दिया: राजे

■ कृष्ण के पर्वत पर खनन माफिया हावी, सरकार आंख बंद कर बैठी: राठौड़

**बेधड़क** | जयपुर




भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने गुरुवार को काली बगीची, भरतपुर स्थित पार्टी के नए जिला कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने यहीं से जैसलमेर जिला भाजपा कार्यालय का वर्चुअल उद्घाटन और बाड़मेर जिला भाजपा कार्यालय का वर्चुअल शिलान्यास किया। इसके बाद उन्होंने पार्टी के राष्ट्रव्यापी अभियान, संपर्क से समर्थन के तहत बघेरा कला, भरतपुर में अपना घर संस्थान के संस्थापक डॉ. बीएम भारद्वाज के घर जाकर उनसे मुलाकात की और नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 वर्ष की उपलब्धियों की बुकलेट भी सौंपी। इसके बाद कृषि ऊपज मंडी भरतपुर में जनसभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि सीएम अशोक गहलोत को चुनावों में ईआरसीपी की याद आई है।

हमने पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के लिए ईआरसीपी योजना तैयार की थी। लेकिन गहलोत सरकार इस योजना पर पैसा खर्च नहीं करना चाहती। उस समय भाजपा सरकार ने जितना पैसा इस योजना के लिए जारी किया था, उस पैसे से अब तक इस योजना के तहत कार्य हुए हैं। राजे ने कहा कि गहलोत ने भरतपुर सहित 13 जिलों की लाइफ लाइन ईआरसीपी को अटका दिया है।

कार्यक्रम में प्रदेशाअध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़, उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिन्होंने मंच से कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला।

### प्रदेश बना अपराधों का गढ़

नड्डा की सभा में राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से पूछना चाहता हूं कि कृष्ण बोर्ड का गठन करने वाली यह सरकार जब कहां गई थी, तब कृष्ण के इस पर्वत पर हावी खनन माफियाओं से परेशान होकर एक संत ने 3 दिन संघर्ष के बाद आत्मदाह में दम तोड़ दिया था। आज भी कृष्ण के पर्वत पर खनन माफिया हावी हैं। प्रदेश महिला अपराधों में नंबर एक है और इस संबंध में इस सरकार के संसदीय मंत्री सदन में बेशर्मी से कहते हैं कि यह मर्दों का प्रदेश है, इसलिए यहां रेप होते हैं। भरतपुर में ट्रिपल मर्डर, सरेराह महिला को गोली मारने जैसे अपराध हो रहे हैं। प्रदेश अपराधों को गढ़ बन गया।

### राजस्थान के हर विभाग में भ्रष्टाचार

वसुंधरा राजे ने कांग्रेस सरकार को घेरते हुए कहा कि राजस्थान में आज हालात ये हैं कि एक काम बिना पैसे के नहीं हो रहे हैं और हर विभाग में भ्रष्टाचार फैला हैं। राजे ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि इस बार जनता तक सही जानकारी और मोदी सरकार के कामों को लेकर जाना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी हैं।

### 78% लोग काम के बदले दे रहे रिश्वत: पूनियां

उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां ने अपने संबोधन में कहा कि मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से आम आदमी का जीवन बदला है। वहीं कांग्रेस पार्टी के राज और सरकार के खिलाफ आमजन के मन में कुंठा है, निराशा है और आक्रोश है। जब-जब कांग्रेस की सरकार आती है, भ्रष्टाचार का तांडव, किसानों और नौजवानों से ठगी और कानून व्यवस्था को ध्वस्त करने का काम होता है। कांग्रेस शासन में 78 प्रतिशत लोगों को काम के बदले रिश्वत देनी पड़ती है।

**बेधड़क की मुहिम के साथ जनप्रतिनिधि और आमजन:** प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में मरीज व परिजनों का पार्किंग शुल्क समाप्त करने की उठी मांग

# जनप्रतिनिधियों के बेधड़क बोल... सरकार हटाए पार्किंग शुल्क

## ■ आमजन ने कहा, पार्किंग शुल्क एक बोझ, सरकार दे निजात

**बेधड़क** | जयपुर

सरकारी अस्पतालों में पार्किंग शुल्क वसूली बंद करने को लेकर **सच बेधड़क** की मुहिम को आमजन के साथ जनप्रतिनिधियों का भी समर्थन मिला है।

गौरतलब है कि **सच बेधड़क** ने बुधवार के अंक में 'अस्पतालों में इलाज, दवा, जांच सब फ्री तो पार्किंग शुल्क वसूली क्यों?' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। इसके बाद गुरुवार को जनप्रतिनिधियों ने बेधड़क होकर **सच बेधड़क** के साथ अपनी बात रखी। जनप्रतिनिधियों कहना है कि इन दिनों राजधानी के अस्पतालों में पार्किंग वाकई एक बड़ी समस्या बन गई है, जिसे प्रदेश सरकार को मेडिकल सुविधाओं की तरह फ्री किया जाना चाहिए। इसके फ्री होने के बाद आम जनता नो पार्किंग स्थलों पर वाहन नहीं खड़े करेगी। वहीं अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को सहूलियत मिल सकेगी। वहीं सच बेधड़क ने अस्पतालों में आने वाले मरीजों के परिजनों से भी इस मुहिम को लेकर बात की तो उन्होंने भी अपना समर्थन देते हुए कहा कि जब मरीज भर्ती होता है तो अस्पताल में दिनभर आना और जाना लगा रहता है, जिस दौरान यह पार्किंग चार्ज उनके लिए बोझ बन जाता है। आमजन का कहना है कि सरकार की तरफ से अगर अस्पतालों की पार्किंगों को फ्री किया जाए तो थोड़ी सहूलियत मिलेगी।




### सरकार के समक्ष रखेंगे बात



"सच बेधड़क का निःशुल्क पार्किंग का सुझाव वाकई बहुत अच्छा है। हम इस मामले को सरकार तक लेकर जाएंगे और यह सुझाव सरकार के समक्ष रखा जाएगा। पार्किंगों को भी सरकार की मेडिकल सुविधाओं की तरह एकदम मुफ्त किया जाना चाहिए।

**-गंगा देवी,** बगरू विधायक, कांग्रेस

### सोचना चाहिए सरकार को



"एसएमएस में मरीज भर्ती है, उससे मिलने दिन में दो बार आया तो 40 रुपए का शुल्क लग गया। जब सरकार अस्पताल में मरीज से इलाज का कोई पैसा नहीं ले रही तो पार्किंग के नाम पर ली जाने वाली राशि गलत है। सरकार को इस संबंध में सोचना चाहिए।

**-महेंद्र,** मरीज के परिजन

### मेडिकल सुविधाओं की तरह फ्री हो



"जब सरकार आम जनता को दवाई से लेकर इलाज और सभी मेडिकल सुविधाएं मुफ्त देने का दावा कर रही है तो पार्किंग को भी निःशुल्क किया जाना चाहिए। इसके अलावा जो पार्किंगों में मनमाना शुल्क वसूला जा रहा है वह सरासर गलत है, इसे बंद किया चाहिए।

**-कालीचरण सर्राफ,** बीजेपी विधायक, मालवीय नगर

### पार्किंग हो निःशुल्क



"बेशक पार्किंग को निःशुल्क किया जाना चाहिए, लेकिन उससे पहले प्रॉपर प्लान बनाया जाना चाहिए। अस्पतालों में राजधानी से बाहर का अधिकतर गरीब आदमी आता है। अगर अस्पतालों में पार्किंग व्यवस्था को निःशुल्क किया जाएगा तो मरीज और उनके परिजनों को इलाज के दौरान थोड़ी और सहूलियत मिलेगी।

**-रफीक खान,** कांग्रेस विधायक, आदर्श नगर

### जेब पर पड़ता है भार



"सरकार को सख्त कदम उठाते हुए इसे फ्री करना चाहिए। यहां हम समस्या में आते हैं और पार्किंग की वसूली में जेब पर भार पड़ता है। इससे सरकारी अस्पतालों में आमजन को सब कुछ फ्री मिलने लगेगा।

**-मुनेंद्र सिंह,** मरीज के परिजन

### पार्किंग फ्री करें व बढ़ाएं सुरक्षा



"प्रदेश सरकार की ओर से सरकारी अस्पतालों में पार्किंग की सुविधा को फ्री करना चाहिए। इसके साथ ही पार्किंग स्थलों की सुरक्षा को भी बढ़ाया जाना चाहिए, जिससे पार्किंगों में से हो रही चोरियों पर भी लगाम लगाई जा सके।

**-रामलाल शर्मा,** बीजेपी विधायक, चौमूं विधानसभा क्षेत्र

## जरूरी खबर

### एनिमल अटेंडेंट के 5934 पदों पर सीधी भर्ती

**जयपुर।** पशुपालन विभाग में 5934 पदों पर पशु परिचर (एनिमल अटेंडेंट) की सीधी भर्ती की जाएगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी है। पशुपालन विभाग में प्रचलित पदनाम जलधारी, सफाईकर्ता व गडरिया के पदों का नाम अब 'पशु परिचर' किया गया है। इनकी शैक्षणिक योग्यता 8वीं से बढ़ाकर 10वीं की गई है। भर्ती में 5281 गैर अनुसूचित क्षेत्र और 653 अनुसूचित क्षेत्र के पदों सहित कुल 5934 पद सीधी भर्ती के माध्यम से भरे जाएंगे।

### आंदोलन के लिए नर्सेज नेताओं ने बांटे पीले चावल



**जयपुर।** सवाई मानसिंह चिकित्सालय में नर्सेज संघर्ष समिति के तत्वावधान में 1 जुलाई को होने वाले 2 घंटे के कार्य बहिष्कार के लिए नर्सेज नेताओं ने ट्रोमा सेंटर, सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक सहित पूरे अस्पताल में पीले चावल बांटे और आंदोलन में भाग लेने का आह्वान किया। समिति संयोजक सोमसिंह मीणा व मनोज दुब्बी ने बताया कि नर्सेज संवर्ग के वेतन भत्तों में विसंगति, कैडर रिव्यू, स्वतंत्र नर्सिंग निदेशालय की स्थापना, उच्च शिक्षा भत्ता, ड्रेस कोड परिवर्तन सहित लंबित 11 सूत्री मांगों को लेकर एसएमएस में 1 जुलाई को सुबह 8 बजे से 10 बजे तक 2 घंटे की गेट मीटिंग कर विरोध दर्ज कर आंदोलन की शुरुआत की जाएगी। संघर्ष समिति के जिला संयोजक महिपाल सिंह सामोता व अनेश सैनी ने बताया कि अब मांगों के लिए आर-पार की लड़ाई को तैयार हैं।

**नाबालिगों की क्राइम में एंट्री ने बढ़ाई पुलिस की टेंशन**

# अपराधियों का नया पैंतरा, करवा रहे 'नासमझो' से टारगेट को पूरा

**हिमांशु शर्मा** | बेधड़क

**जयपुर।** नाबालिगों की क्राइम में एंट्री राजस्थान पुलिस की धक-धक बढ़ा रही है। अपराधी सख्त सजा से बचने के लिए कम उम्र के बालकों से आपराधिक वारदातों को अंजाम दिलवा अपना क्राइम टारगेट पूरा करवा रहे हैं।

खास बात यह है कि देश से लेकर प्रदेश तक में कुख्यात गैंगस्टर्स अपनी गैंग में नाबालिगों को वारदातों को अंजाम देने के लिए शामिल कर रहे हैं, जिससे वह कानून की धाराओं का फायदा उठाकर सख्त सजा से बच सकें। हाल ही इस साल जयपुर के जवाहर सर्किल में जी क्लब पर गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई के कहने पर फायरिंग कर दहशत फैलाने के मामले में पुलिस ने 5 बदमाशों को पकड़ा था। इनमें से दो नाबालिग थे, जिनकी उम्र 16 साल थी। वहीं सीकर में दिनदहाड़े हुए गैंगस्टर राजू ठेठ हत्याकांड में एक नाबालिग समेत पांच आरोपी पकड़े गए थे।

## सख्त सजा से बचने के लिए नाबालिगों से करवा रहे अपराध



**2021-2022 में इन प्रकरणों में रहे लिप्त**

- चोरी- 1358 प्रकरण
- हत्या व हत्या का प्रयास- 473
- लूट- 319
- ब्लात्कार- 571
- नकबजनी- 514
- अपहरण व व्यपहरण- 379
- पोक्सो- 266
- आर्म्स- 148
- एनडीपीएस एक्ट- 88
- एक्ससाईज- 48
- बलवा- 37
- डकैती- 27

### हत्या-ड्रग्स व हथियार सप्लाई तक में लिप्त

प्रदेश में बाल अपचारियों की ओर से संगीन अपराधों को अंजाम दिया जा रहा है। यह नाबालिग गैंगस्टर्स व माफिया के संपर्क में आने के बाद चोरी से लेकर हत्या, ड्रग्स व हथियार सप्लाई तक कर रहे हैं। पुलिस के गत दो साल के रिकॉर्ड को देखे तो सबसे ज्यादा नाबालिग चोरी, हत्या और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामलों में लिप्त रहे हैं। साल दर साल नाबालिगों की अपराध में एंट्री की संख्या बढ़ती ही जा रही है। साल 2021 में बाल अपचारी अपराधियों ने 3701 और साल 2022 में 4257 अपराधिक वारदातों को अंजाम दिया। ऐसे में राजस्थान पुलिस को गैंगस्टर्स से जुड़े बाल अपराधियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाना पड़ा और सोशल मीडिया अकाउंट तक देखने पड़े।

### पुलिस की लापरवाही से बच रहे सजा से

"दिल्ली में जब निर्भया कांड हुआ तो कानून में संशोधन हुआ था। इसमें यह तय किया गया था कि 16 से 18 साल की उम्र में अगर कोई अपराध करे तो इसका ट्रायल बालिग की तरह कोर्ट से अनुमति लेकर चलाया जा सकता है, लेकिन इसमें पुलिस की लापरवाही सामने आ रही है कि वह अनुमति नहीं लेते हैं। इस कारण से नाबालिग सजा से बच जाते हैं। हालांकि कई मामलों में ऐसा हो भी रहा है, जिसमें नाबालिगों का ट्रायल बालिग की तर्ज पर चलाने की अनुमति ली गई है। राजू ठेहठ हत्याकांड में शामिल एक नाबालिग को कोर्ट ने इसी आधार पर जमानत देने से इनकार कर दिया था।

**-एके जैन,** सीनियर एडवोकेट, राज.हाईकोर्ट

**सच बेधड़क ने कैद किया वीडियो**

# रॉन्ग साइड में आने पर टोका तो पुलिसकर्मियों से की धक्का-मुक्की





**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में यातायात के नियमों की पालना करवाने के लिए लगाए गए ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के साथ गुरुवार को जब अज्ञात लोगों ने बदसलूकी की तो इसे **सच बेधड़क** ने कैमरे में कैद कर लिया। कैमरा देखकर अज्ञात लोग भाग गए।

**सच बेधड़क** टीवी चैनल पर पुलिस के साथ बदसलूकी के इस वीडियो को प्रमुखता से दिखाया गया। इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए बदसलूकी और धक्का-मुक्की करने वालों की तलाश शुरू कर दी। यह घटना गुरुवार को टोंक फाटक पुलिया के पास स्थित ट्रैफिक लाइट की है, जहां दोपहर 2.15 बजे कुछ लोग सच बेधड़क संवाददाता को पुलिस के साथ धक्का-मुक्की करते नजर आए। संवाददाता को वीडियो रिकॉर्ड करते देख ये लोग मौके से फरार हो गए। मामला गलत दिशा में गाड़ी चलाने को लेकर था, जब ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने इन्हें रोका तो गाली-गलौच और बदसलूकी पर उतर आए। इधर एडिशनल कमिश्नर राहुल प्रकाश ने बेधड़क की खबर पर संज्ञान लेते हुए मौके के सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू करवाया। उनका कहना है कि जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

**आरयू:** शोध छात्रसंघ के अध्यक्ष से जुड़ा है मामला

# कार्यकाल पूरा, अब निर्वाचन सीज

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय में बुधवार को आयोजित हुई सिंडिकेट बैठक में शोध छात्रसंघ अध्यक्ष का निर्वाचन सीज करने का फैसला लिया गया। बैठक में ओला के निर्वाचन सीज करने के मामले में आगे की कार्रवाई के लिए एएजी से सलाह ली जाएगी। वहीं इस कार्रवाई से नेशनल एससी एसटी कमीशन को भी अवगत कराया जाएगा। गौरतलब है कि छात्रसंघ चुनाव 2022 में कोरोना के कारण सत्र लेट हो गए थे और प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो पाई थी। ऐसे में विश्वविद्यालय ने सिंडिकेट बैठक कर यूजी के तृतीय वर्ष और पीजी के द्वितीय, चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को वोट देने और चुनाव लड़ने के योग्य माना था। लेकिन शोध छात्रसंघ को लेकर सिंडिकेट बैठक में लिखित में कोई फैसला नहीं होने से अटक गया।

### इस आधार पर माना गया था योग्य

विश्वविद्यालय ने चुनाव करवाने को लेकर सिंडिकेट सदस्यों की बैठक कर चुनाव लड़ने और वोट देने के लिए नियम तय किए गए थे, लेकिन सिंडिकेट सदस्यों ने शोध छात्र के लिए कोई नियम निर्धारित नहीं किया था। ऐसे में निवर्तमान शोध छात्रसंघ अध्यक्ष राम स्वरूप ओला प्रवेश लेकर फीस जमा करवा रजिस्टर्ड हो गए। सिंडिकेट के नियम के तहत इंटरप्रिटेशन कमेटी ने चुनाव के लिए ओला को योग्य मान लिया। लेकिन निर्वाचन के बाद अन्य प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह ने निर्वाचन रद्द करने को लेकर एसटी आयोग में अपील दायर कर चुनाव प्रक्रिया को गलत बताया था। वहीं बुधवार को हुई सिंडिकेट बैठक में इंटरप्रिटेशन कमेटी के निर्णय को अधिकार क्षेत्र से बाहर मानते हुए निर्वाचन सीज कर दिया गया।

**समस्या:** सदस्यों की कमी से जूझ रहा है राजस्थान लोक सेवा आयोग

# दो साल बाद 10 से होंगे RAS के साक्षात्कार

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने करीब दो साल बाद आरएएस भर्ती 2021 में प्रथम चरण के इंटरव्यू की तारीख बुधवार को जारी की।

आयोग ने 988 पदों पर 20 और 21 मार्च को मुख्य परीक्षा का आयोजन किया था और 30 अगस्त को परिणाम जारी किया गया था। आयोग के संयुक्त सचिव आशुतोष गुप्ता ने बताया कि प्रथम चरण के साक्षात्कार 10 से 25 जुलाई तक होंगे। वहीं आयोग द्वारा इंटरव्यू के लिए 2174 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए मुख्य परीक्षा में पास किया गया है। गुप्ता ने बताया कि अभ्यर्थी अपने सभी मूल प्रमाण पत्र की फोटो प्रति के साथ लेकर पहुंचे। इनके अभाव में साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा।




### 7 की जगह 4 सदस्य

आयोग में वर्तमान 5 सदस्यों का कमीशन बना हुआ है, जिसमें अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय सहित चार सदस्य डॉ. संगीता आर्य, डॉ जसवंत सिंह राठी, डॉ मंजू शर्मा और बाबू लाल कटारा हैं। वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में गिरफ्तार हो चुके कटारा को लेकर अभी तक कोई फैसला नहीं हो पाया हैं। ऐसे में अब साक्षात्कार में केवल तीन सदस्यों का पैनल बन पाएगा। ऐसे में अब ज्यादा पैनल नहीं बनने से साक्षात्कार में अधिक समय लगेगा।

**संगठनों का धरना-प्रदर्शन**

# 30 घंटे बाद भी सुलह की नहीं खुली राह, टंकी पर चढ़े रहे विद्यार्थी मित्र

## ■ तबादलों की मांग को लेकर डिस्कॉम कर्मियों का धरना जारी

**बेधड़क** | जयपुर

नौकरी की मांग को लेकर विद्यार्थी मित्रों का प्रदर्शन गुरुवार रात तक जारी रहा। अपनी मांगों को लेकर 4 विद्यार्थी मित्र गुरुवार देर रात तक पानी की टंकी पर चढ़े हुए थे।

प्रशासन के तमाम प्रयासों के बावजूद मांगें न माने जाने तक वे टंकी पर प्रदर्शन पर अड़े हुए थे। गौरतलब है कि बुधवार को शहीद स्मारक पर धरना देने के बाद शाम को अंजू उपाध्याय, सीता, शेर सिंह, दिनेश बनीपार्क स्थित कलेक्ट्रेट के पीछे बनी पानी की टंकी पर चढ़ गए थे। संघ की प्रदेशाध्यक्ष इंदु बाला राठौड़ ने बताया कि 6500 वंचित विद्यार्थी मित्रों के नियमितीकरण की मांग को लेकर कई वर्षों से संघर्ष कर रहें हैं, लेकिन प्रशासन कोई सुनवाई नहीं कर रहा है।

उन्होंने कहा कि मजबूरन बेरोजगार टंकी पर चढ़ हुए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक प्रशासनिक स्तर पर मांगों को लेकर लिखित समझौता नहीं होता, तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। घटनाक्रम के करीब 30 घंटे बीत जाने के बावजूद अभी तक सरकार और प्रशासनिक स्तर पर वार्ता नहीं हो पाई। वहीं इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन, सिविल डिफेन्स की टीम मौके पर मौजूद रही।






### वर्ष 2017 की संविदा भर्ती में रहे वंचित

वर्ष 2017 में तत्कालीन सरकार की ओर से विद्यार्थी मित्रों को पंचायत सहायक के पद पर नियुक्त किया गया था। 27 हजार पदों पर हुई भर्ती में करीब 18 हजार विद्यार्थी मित्रों को नियुक्त किया गया। उस दौरान करीब 24 हजार संविदाकर्मी थे। उनमें से 6500 विद्यार्थी मित्र नियुक्ति से वंचित रह गए थे। विद्यार्थी मित्रों का आरोप है कि भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण और रोस्टर प्रणाली नहीं होने से पंचायत स्तर पर अपने चेहतों को ही नियुक्ति मिल पाई। ऐसे में अब वंचित विद्यार्थी मित्र संविदा सेवा नियम 2022 में शामिल कर नियुक्ति देने के लिए सरकार से गुहार लगा रहे हैं।

### टैंट टूटा, पर डटे रहे डिस्कॉम कर्मी

राजधानी में गुरुवार को हुई बारिश के दौरान डिस्कॉम कर्मी धरना स्थल गांधी नगर में डटे रहे। इंटर डिस्कॉम तबादलों की मांग को लेकर इंटर डिस्कॉम संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले पिछले 74 दिनों से धरना प्रदर्शन चल रहा है। समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामकेश मीणा ने बताया कि तबादलों की मांग को लेकर जल्द ही कोर्ट में जनहित याचिका दायर की जाएगी। सीकर के बिजली कार्मिक रामदेव सिंह की किडनी ट्रांसप्लांट होने के बावजूद निगम प्रशासन के द्वारा हाईकोर्ट के निर्णय की अवहेलना कर इंटर डिस्कॉम तबादले में राहत नहीं दी जा रही है। सरकार और निगम प्रशासन को जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए जल्द इंटर डिस्कॉम तबादलों का आदेश जारी करना चाहिए।

### संविदाकर्मी 22 दिन से बैठे शहीद स्मारक पर

संयुक्त संविदा मुक्ति मोर्चा के बैनर तले संविदाकर्मी नियमितीकरण की मांग को लेकर शहीद स्मारक पर पिछले 22 दिनों से शहीद स्मारक पर धरना दे रहे हैं। समिति के प्रदेशाध्यक्ष नरेंद्र चौधरी ने बताया कि सालों से संविदाकर्मी नियमितीकरण की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार ने संविदा सेवा नियम 2022 लागू कर नियमों के मकड़जाल में उलझा दिया। आईएएस पैटर्न लागू करने से कुछ प्रतिशत संविदाकर्मी ही नियमित हो पाएंगे।

## जरूरी खबर

### बालाजी को लगेगा 2700 किलो के रोट का भोग



**सीकर।** जिले के प्रसिद्ध श्रीदेवीपुरा बालाजी धाम में शनिवार को आटे व अन्य खाद्य सामग्री से बनाए जाने वाले 2700 किलो के रोट का भोग अर्पित किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर गुरुवार को कारीगरों ने डेमो किया। मंदिर परिसर में रोट की सिकाई के लिए बनाई गई भट्टी में कारीगरों ने व्यवस्थित ढंग से गाय के गोबर से बने कंडे व उपले लगाए। गुरुवार रात खाद्य सामग्री को मिश्रित किया गया। सुबह रोट तैयार कर सिकाई के लिए तवे सहित रखा जाएगा। रोट की सिकाई मे तकरीबन 18 से 20 घंटे का समय लगेगा। शनिवार सुबह बालाजी को भोग लगाया जाएगा।

### बाइक सवार युवक की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत

**बाड़मेर।** जिले में पत्नी को पीहर छोड़कर आ रहे एक युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद युवक करीब डेढ़ घंटे तक सड़क पर तड़पता रहा। युवक की एक महीने पहले ही शादी हुई थी। धोरीमन्ना थाना अधिकारी सुखराम विश्नोई ने बताया कि माणकी गांव निवासी शंकरलाल (21) सुबह पत्नी को पीहर छोड़ने पास के ही बूल गांव गया था। वापस लौटते समय कोजा गांव के पास बोलेरो ने उसकी बाइक सवार शंकरलाल को टक्कर मार दी। टक्कर से शंकरलाल उछलकर सड़क पर गिर गया। राहगीरों ने उसे हॉस्पिटल में पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

### दूध से भरा टैंकर पलटा, लूटने के लिए दौड़े ग्रामीण



**सिरोही।** कांडला राजमार्ग पर गुरुवार दोपहर को अनादरा थाने के पास पाली से रानीवाड़ा जा रहा दूध से भरा टैंकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में चालक बाल-बाल बच गया। वाहन को क्रेन की मदद से सीधा करवाया गया। जानकारी के अनुसार पाली से दूध भरकर रानीवाड़ा के लिए रवाना हुआ टैंकर अनादरा थाने से थोड़ा आगे जाकर बेकाबू हो सड़क किनारे पलट गया। टैंकर पलटने की सूचना मिलते ही कुछ लोग बर्तन लेकर वहां पहुंच गए। इसी दौरान मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को वहां से हटाया।

---

**रथ यात्रा महोत्सव:** यात्रा में 1100 महिलाएं सिर पर कलश लेकर साथ चलीं, दर्शन के लिए उमड़ा जन सैलाब

# जानकी जी की निकली सवारी, जगन्नाथ जी संग हुआ विवाह

**बेधड़क** | अलवर

जिले में चल रहे भगवान जगन्नाथ के मेले में गुरुवार को उत्सवी माहौल देखने को मिला। भगवान जगन्नाथ और माता जानकी जी का विवाह संस्कार हुआ। इसके लिए माता जानकीजी की रथ यात्रा जगन्नाथ मंदिर से रवाना होकर मेला स्थल पर पहुंचीं।

जानकीजी की रथ यात्रा के साथ 1100 कलश लेकर महिलाएं पैदल साथ चल रहीं थीं। वहीं रथ यात्रा में हाथी, घोड़े का भव्य लवाजमा साथ था तो बैंडबाजे पर बज रहे भजनों की धुन से माहौल उत्सवी नजर आया। जगन्नाथपुरी के बाद अलवर में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में मेला सबसे बड़ा रहता है। रथ यात्रा के मेले में लाखों लोग शामिल होते हैं।

अलवर के अलावा उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के अन्य शहरों से भी बड़ी संख्या में लोग जगन्नाथ जी और जानकी जी के दर्शन के लिए आते हैं। यह मेला इसलिए भी खास है कि अलवर में भगवान जगन्नाथ का जानकी जी से विवाह होता है।

जगन्नाथजी की रथ यात्रा पुराना कटरा स्थित जगन्नाथ मंदिर से रवाना होकर मेला स्थल पर पहुंची। पांच दिन यहां मेला भरेगा तो गुरुवार को जानकी जी मेला स्थल पर पहुंची।



### श्रद्धालुओं ने जगह-जगह किया स्वागत

भगवान जगन्नाथ से विवाह के लिए जैसे ही माता जानकीजी की सवारी शुरू हुई तो समूचा माहौल जयकारों से गूंज उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु रथ यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान जानकीजी की रथ यात्रा जहां-जहां से होकर गुजरी वहां श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा और जयघोष के साथ भावभीना स्वागत किया। रथ यात्रा व मेले के दौरान प्रशासन की तरफ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। वहीं पूरे शहर में उत्सव जैसा माहौल नजर आया। मेले में बच्चों के लिए झूले व मनोरंजन के साधन भी उपलब्ध रहे। साथ ही महिलाएं व बच्चे जमकर खरीदारी की। इसके श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह जल-पान एवं भंडारे की व्यवस्था भी रही।

### भगवान जगन्नाथ की हुई महाआरती

मंदिर से माता जानकीजी की सवारी गाजे-बाजे के साथ रवाना हुई। श्रद्धालु भजनों की धुनों पर झूमते-नाचते साथ चले रहे थे तो वहीं 1100 महिलाएं सिर पर कलश लेकर साथ चल रही थी। रथ यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर में जगन्नाथजी के जाने के बाद बूढ़े जगन्नाथजी की प्रतिमा को रखा जाता है। जगन्नाथ जी की प्रतिमा साल में इन्हीं दिनों बाहर निकलती हैं। इसमें ब्राहमण समाज की तरफ से बूढ़े जगन्नाथ जी की गुरुवार रात को महाआरती की गई। इसमें 108 दीपक से शहर के लोगों ने भगवान जगन्नाथ की महाआरती उतारी।

---

**हादसों की डगर:** प्रदेश में दो अलग-अलग दुर्घटना में चार की मौत

# ट्रक-टैंकर में आग, चालक जिंदा जले, बस ने दो जनों को कुचला

**बेधड़क** | जोधपुर/ श्रीगंगानगर

प्रदेश के दो जिलों में अलग-अलग सड़क हादसों में गुरुवार को चार लोगों की जान चली गई। शाम करीब 4.30 बजे जोधपुर में टैंकर और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तुरंत ही दोनों वाहनों में आग लग गई। इसके चलते टैंकर और ट्रक के चालक जिंदा जल गए। उधर, श्रीगंगानगर के अनूपगढ़ में दोपहर 2.30 बजे एक बस ने बाइक को चपेट में ले लिया। बाइक सवार दो लोग बस के पहिए में फंस गए, जिन्हें बस काफी दूर तक घसीटते हुए ले गई।

इसके बाद बस में भी आग लग गई। जानकारी के अनुसार जोधपुर के देचू स्थित क्षेत्रवा इलाके के बावकास चौराहे पर पेट्रोल से भरे टैंकर और सोनामुखी (सूखी पत्तियां) से भरे एक ट्रक में भीषण टक्कर हुई। इसके बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि दोनों वाहनों के चालकों को बाहर निकलने तक का मौका नहीं मिला। देखते ही देखते दोनों वाहन आग का गोला बन गए। टैंकर जोधपुर से पेट्रोल लेकर जैसलमेर के लिए निकला था। उधर ट्रक फलोदी से सोनामुखी की पत्तियां लेकर जोधपुर की तरफ जा रहा था। रास्ते में दोनों वाहनों की टक्कर हो गई। देचू थाने के एएसआई पुखसिंह राजपुरोहित का कहना है कि सोनामुखी से भरे ट्रक के चालक का जला हुआ शव शाम 6 बजे निकाल लिया गया।



### कार को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसा एक कार को बचाने के चक्कर में हुआ था। वहीं दूसरे टैंकर में पेट्रोल होने के कारण लगातार विस्फोट होते रहे। इसमें देर शाम तक आग लगी हुई थी। दमकलकर्मी आग बुझाने के प्रयास में जुटे रहे। पुलिस दोनों वाहनों के चालकों की पहचान के प्रयास कर रही है। हादसे के बाद जोधपुर-फलोदी हाईवे पर दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग गईं। आग की लपटें दूर तक दिखाई दीं। देचू थाने से पुलिस शाम 4.45 बजे मौके पर पहुंच गई थी, जिसने दमकल को बुलाकर मौके पर जुटे लोगों को दूर हटाया।

### बस की टक्कर से दो युवकों की मौत

दूसरा हादसा श्रीगंगानगर के अनूपगढ़ में 6पी गांव के पास हरप्रभ आसरा आश्रम के सामने दोपहर 2.30 बजे हुआ। जहां बस ने बाइक को चपेट में ले लिया। इसके चलते बाइक सवार दोनों लोग टायर में फंस गए। काफी दूर तक बस दोनों को घसीटती ले गई। हादसे में दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। बस में सवार यात्री गंगाराम ने बताया कि बस खाजूवाला से हनुमानगढ़ जा रही थी। इसमें करीब 40 यात्री थे। 6पी गांव के पास सामने से आ रही बाइक को बस ने चपेट में ले लिया। हादसे के बाद बस को छोड़कर चालक और परिचालक दोनों फरार हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने दमकल को सूचना दी। 15 मिनट बाद अनूपगढ़ से दमकल मौके पर पहुंची और डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद शाम 4 बजे के करीब आग पर काबू पाया। हादसे के बाद बस के टायर में फंसे बाइक सवारों के शव बाहर निकाले गए। फिर एक-एक कर यात्रियों को बस से बाहर निकाला। पुलिस उपाधीक्षक रामेश्वर लाल और थानाधिकारी फूलचंद शर्मा मौके पर पहुंचे। हादसे की सूचना बीएसएफ को भी दी गई।

---

**ट्रक ने मारी** बाइक को टक्कर

# सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत, पत्नी गंभीर रूप से घायल

**बेधड़क** | बारां

जिले में गुरुवार को भीषण सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत हो गई, पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इसके चलते पिता-पुत्र ट्रक के टायर के नीचे आ गए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पहुंची। पुलिस ने मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए छबड़ा चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाए। हादसा छबड़ा कस्बे के पास रिछडा गांव में हुआ। वहीं टक्कर के बाद चालक अपने वाहन को लेकर फरार हो गया। पुलिस ने पीछा कर आरोपी ट्रक चालक को डिटेन कर लिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार गत दिनों मृतक की दादी सास का एक दुर्घटना में निधन हो गया था। जिसके बाहरवें में शामिल होने के लिए जलवाड़ा निवासी शोभाराम लुहार, अपनी पत्नी और 6 माह के बेटे के साथ जलवाड़ा से छबड़ा आ रहे थे। इसी दौरान खोपर गांव के निकट सामने से आ रहे गिट्टी से भरे एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक पर सवार शोभाराम व उसका 6 माह के बेटा लक्की ट्रक के टायर के नीचे आ गए। वहीं मृतक की पत्नी दूर जाकर गिरी, जिससे वह भी घायल हो गई।



घटना की सूचना मिलते ही छबड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतकों का छबड़ा चिकित्सालय की मोर्चरी में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सौंप दिए। वहीं घटना के बाद मौके से फरार हुए ट्रक चालक को भी पुलिस ने डिटेन कर लिया है।

---

**शंकर मीणा हत्याकांड:** नेताओं का रहा जमघट, नहीं हुआ समझौता

# दूसरे दिन भी शव रखकर प्रदर्शन जारी

**बेधड़क** | टोंक

पीपलू उपखंड क्षेत्र के डोडवाड़ी से गाता जाने वाले रास्ते पर शंकर मीणा हत्याकांड को लेकर दूसरे दिन भी शव रखकर धरना प्रदर्शन जारी रहा। प्रदर्शन में गुरुवार को कई नेता भी शामिल हुए।

बुधवार रात को आरएलपी के भोपालगढ़ विधायक पुखराज गर्ग, मेड़ता विधायक इंदिरा देवी बावरी मौके पर पहुंचे। परिजनों, ग्रामीणों से वार्ता कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। साथ ही ग्रामीणों, परिजनों को ढांढस बंधाया कि वे उनके साथ हैं। गुरुवार सुबह पूर्व जिला प्रमुख रामबिलास चौधरी, पूर्व विधायक कमल बैरवा, कांग्रेस नेता प्रहलाद नारायण बैरवा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हंसराज मीणा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रामगोपाल मीणा, बोरखंडीकला सरपंच रामलाल मीना, कांग्रेस नेता श्रीराम चौधरी सहित भाजपा के कई नेता मौके पर पहुंचे।



उन्होंने परिजनों, ग्रामीणों से वार्ता की तथा उनकी मांगों को लेकर जानकारी ली।

### प्रशासन के साथ वार्ता नाकाम

ग्राम पंचायत के डोडवाड़ी के राजीव गांधी सेवा केंद्र में करीब 12.15 बजे कांग्रेस, भाजपा सहित कई नेता मृतक के मामा, चाचा के साथ प्रशासन से वार्ता करने पहुंचे। करीब आधे घंटे से अधिक समय तक चली वार्ता में प्रशासन की ओर से जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल, पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज, एडिशनल गीता, एडीएम शिवचरण मीना, सीईओ देशलदान आदि शामिल हुए। बैठक में परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार करने, पुलिसकर्मियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई और 30-35 लाख रुपए के मुआवजे को लेकर चर्चा हुई। वार्ता के बाद जनप्रतिनिधि मंडल धरना स्थल पर पहुंचा और वार्ता के बारे में बताया। इस दौरान प्रशासन द्वारा जो शर्तें रखी गई उनसे मौके पर मौजूद ग्रामीणों के बीच जमकर हंगामा हो गया तथा कोई भी इनसे सहमत नहीं हुआ। आरएलपी के सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल हत्या प्रकरण के विरोध में गुरुवार शाम 5.30 बजे घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बांधाया। उन्होंने कहा जब तक शंकर मीणा के हत्यारों को सजा नहीं मिल जाती तब तक वे यहां से नहीं हटेंगे।

---

**फोटो वायरल करने की धमकी दे** तीन साल से दरिंदगी

# महिला से 16 लोगों ने किया दुष्कर्म

**बेधड़क** | दौसा

जिले में अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर एक महिला के साथ पिछले तीन साल में 16 लोगों ने दुष्कर्म किया। आरोपियों ने महिला के पति को भी जान से मारने की धमकी दी। परेशान होकर पीड़िता ने बैजूपाड़ा थाने में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि बैजूपाड़ा थाने इलाके की एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया है कि 15 मई की रात करीब 1 बजे आरोपी विकास और यादराम उसके घर के पीछे आए और कॉल कर मिलने बुलाया।



विवाहिता ने मना किया तो आरोपी ने अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उस पर मिलने के लिए दबाव बनाने लगे। इससे डरकर पीड़िता बाहर चली, जहां दोनों युवकों ने उसके साथ गैंगरेप किया।

पीड़िता का आरोप है कि पिछले करीब 3 साल में धमकी देकर विकास और उसके कई दोस्तों ने अलग-अलग समय में उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। इससे पहले भी 3 और 4 मई को आरोपियों ने उसे बदनाम करने की धमकी दे दुष्कर्म किया था।

### 2021 से दुष्कर्म का शिकार हो रही पीड़िता

2021 में उसके साथ दुष्कर्म का सिलसिला शुरू हुआ था। उस समय वह अपने पति संग जयपुर में रहती थी। उसके पति के काम पर जाने के बाद तीन युवक उसके कमरे में जबरन घुस आए और जबरन गैंगरेप किया। इस दौरान आरोपियों ने उसके अश्लील वीडियो बनाकर अपने रिश्तेदारों को भेज दिए। बाद में धमकी देकर आरोपी उसके साथ बार-बार दुष्कर्म करते आ रहे हैं।

---

**'लुटेरी दुल्हन' का कारोबार**

# पति ने पत्नी की करवा दी चार शादियां, मोटी रकम लेकर हो जाते थे फरार

■ बानसूर का युवक बना शिकार, शादी के कुछ दिन बाद ही होने लगा था शक

**बेधड़क** | अलवर

शादी के बाद रातोंरात नकदी और गहने समेटकर फरार होने वाली लुटेरी दुल्हनों के कारनामे आए दिन सामने आते रहते हैं। वहीं जिले में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसमें पति और पत्नी दोनों ही शादी के लिए शिकार फंसाते और बाद में माल समेट कर फरार हो जाते। दिलचस्प बात यह है कि पति ही अपनी पत्नी का रिश्ता तय करता था। उसने पैसों के लिए खुद की पत्नी की एक के बाद एक चार शादियां करवा दी। पुलिस की जांच में सामने आया है कि अपनी पत्नी की चार शादियां करा चुके आरोपी ने लड़के वालों से मोटी रकम भी ली थी।



शादी के कुछ दिन बाद उसकी पत्नी घर में रखे गहनों-नकदी पर हाथ साफ करती और मौका देखकर पति के साथ फरार हो जाती। पुलिस ने दोनों आरोपी पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार अलवर जिले के बानूसर के मीणा मोहल्ले में रहने वाले हरिमोहन मीणा (36) की शादी तीन जून को असम के माधुनी में रहने वाली दीप्ति नाथ से हुई थी।

शादी में हरिमोहन के परिवार ने करीब आठ लाख रुपए खर्च किए थे। 4 लाख रुपए असम के बालेता नलबारी में रहने वाले लोयकालिता को दिए थे और बाकी के रुपए शादी में खर्च हुए थे। शादी के कुछ दिन बाद ही हरिमोहन को अपनी पत्नी दीप्ति के भागने को लेकर शक होने लगा था। उसने ये बात अपने घर में भी बताई थी।

### कार में बैठकर भागने लगी

हरिमोहन मीणा ने बताया कि 21 जून की दोपहर को एक कार उसके घर के बाहर आकर रुकी और ड्राइवर ने हॉर्न बजाया। हॉर्न का इशारा मिलते ही दीप्ति वहां आई और कार में बैठ गई। तभी पीछे से हरिमोहन का बड़ा भाई हेमराम बाहर आया और दीप्ति के भागने का अहसास होते ही उसने परिवार के अन्य लोगों को भी आवाज लगा दी। इसके बाद सभी लोग कार के सामने खड़े हो गए, जिससे वे भाग नहीं पाए। दोनों को पकड़कर पूछताछ की गई तो पता चला कि कार में बैठा युवक लोयकालिता कोटपूतली से कार लेकर आया था। दीप्ति घर के गहने और रुपए लेकर उसके साथ भागने वाली थी। इसके बाद परिजन दोनों को थाने ले गए। पुलिस ने दीप्ति से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह पहले से शादीशुदा है। लोयकालिता ही उसका पति है और उनके दो बच्चे भी हैं। पुलिस ने लोयकालिता से पूछताछ की तो वह हरिमोहन के परिवार पर दीप्ति को बहला-फुसलाकर अपने घर लाने का आरोप लगाने लगा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो सामने आया है कि आरोपी लोयकालिता ने दीप्ति से दूसरी शादी की थी। लोयकालिता अपनी पत्नी के साथ मिलकर लोगों को शादी के नाम पर ठगते थे। आरोपी लोयकालिता अब तक दीप्ति की चार शादियां करा चुका है।

### पत्नी को अविवाहित बताकर करवाता था शादी

पुलिस की पूछताछ में आरोपी पति लोयकालिता बताया कि वह अपनी पत्नी दीप्ति को अविवाहित बताकर उसकी शादी करता था। इसके बदले में वह लड़के वालों से मोदी रकम लेता था। शादी के कुछ दिन बाद दीप्ति लोयकालिता को मोबाइल से अपनी लोकेशन भेज देती। करीब 15 दिन बाद दीप्ति घर में रखे गहने और रुपए समेटकर लोयकालिता के साथ फरार हो जाती। हरिमोहन ने पुलिस को बताया कि शादी के तीन दिन बाद ही उसकी पत्नी दीप्ति में स्वभाव में बदलाव आ गया था। वह अपने घर असम जाने की जिद करने लगी। वह कहने लगी मम्मी-पापा की याद आ रही है, लेकिन जब हमने जानकारी जुटाई तो पता चला कि उसके माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। उसकी एक बहिन है, जिससे वह फोन पर बात करती थी। ऐसे में उस पर शक गहरा गया, लेकिन मामले का खुलासा हुआ तो पता चला वह उसकी बहिन नहीं बल्कि उसका पति था, जिसे वह पल-पल की अपडेट देती रहती थी।

### आरोपियों ने पीड़ित को ऐसे फंसाया

पीड़ित हरिमोहन मीणा ने पुलिस को बताया कि उनके परिवार की कोटपूतली के पास सुंदरपुरा में रिश्तेदारी है। यहां पर असम की ही रहने वाली एक महिला उनकी रिश्तेदार है। उस महिला के पास दीप्ति के पति लोयकालिता ने कॉल किया था। जब उसे पता चला कि एक युवक को दुल्हन चाहिए तो परिवार को असम बुलाया। हरिमोहन परिवार सहित असम पहुंचा और बात तय हो गई।

NCC का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ संपन्न

# कड़े अनुशासन के साथ कैडेट्स ने दैनिक जीवन में उतारे आर्मी रूल्स

बेधड़क | जयपुर

प्रथम राजस्थान बटालियन एनसीसी का श्रीभवानी निकेतन पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में चल रहा संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर गुरुवार को ड्रिल और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। यह शिविर 20 जून को शुरू हुआ था।

शिविर में समापन समारोह के अवसर पर कैंप कमांडेंट कर्नल जितेंद्र सिंह ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर की सभी गतिविधियों को और बेहतर बनाने के लिए सभी कैडेट्स में व्यक्तिगत विकास, नेतृत्व, व्यवहार कुशलता और आत्मविश्वास को बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय प्रतिस्पर्धा का युग है। एनसीसी के द्वारा ज्यादा से ज्यादा लड़के ही नहीं लड़कियां भी देश की सेवा के लिए सेना में भर्ती की ओर अग्रसर हो रही है। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी इंसान अगर ठान लेता है तो उसको आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। सच्ची लगन और दुनिया की परवाह किए बिना निरंतर आगे बढ़ने की चाह से व्यक्ति जीवन के शिखर तक पहुंच सकता है। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता।



एनसीसी पूर्व चीफ अधिकारी और मीडिया प्रभारी नन्द किशोर शर्मा ने बताया कि कैंप कमांडेंट कर्नल जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में चल रहे शिविर में कैडेट्स को मूल रूप से सैनिक वातावरण में रहने और वैसा ही दैनिक जीवन बिताने के लिए अभ्यस्त किया गया।



### इन टेक्निक्स का दिया प्रशिक्षण

शिविर के दौरान कैडेट्स को फुट ड्रिल, आर्म्स ड्रिल, गार्ड ऑफ ऑनर, चांदमारी, हथियारों का प्रशिक्षण, सैनिक मानचित्र, स्माल आर्म्स आदि विषयों का गहन प्रशिक्षण देकर अभ्यास कराया गया। शिविर मे कैंप कमांडेंट कर्नल जितेंद्र सिंह और उनके प्रशिक्षण स्टाफ ने कैडेट्स को सेनिटेशन, कैंप एरिया एवं पर्सनल स्वच्छता, योग मेडिटेशन, ट्रेनिंग डिजास्टर मैनेजमेंट, फायर, कैंप ले आउट, लीडरशिप, मोटिवेशन व स्पोर्ट्स आदि के बारे में जानकारी दी।

## Yuva स्टोरीज



**शर्मा की आत्मकथा का विमोचन |** जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति के एल शर्मा की आत्मकथा 'मेरा जीवन: संघर्ष और उपलब्धि' का विमोचन गुरुवार को एसएस जैन सुबोध पीजी कॉलेज में हुआ। इस अवसर पर आरपीएससी के पूर्व चेयरमैन प्रो.बीएम शर्मा, पूर्व कुलपति यूनिवर्सिटी ऑफ कोटा डॉ. देव स्वरूप, पूर्व अतिरिक्त सचिव यूजीसी प्रो. पीसी त्रिवेदी सहित अन्य शिक्षाविद मौजूद रहे। आरयू के पूर्व सिंडिकेट सदस्य एस एल शर्मा ने बताया कि इस दौरान कई प्रशासनिक अधिकारी व शर्मा के परिवारजन मौजूद रहे।

**आज जारी होगा शेड्यूल |** **जयपुर।** कर्मचारी चयन आयोग (SSC) की ओर से आयोजित की जाने वाली मल्टी-टास्किंग स्टाफ और हवलदार परीक्षा-2023 का पूरा शेड्यूल शुक्रवार को जारी होगा। आयोग ने एक नोटिस जारी कर इस संबंध में सूचना दी है। यह शेड्यूल इससे पहले 14 जून को जारी किया जाना था लेकिन नहीं हो पाया। इसके बाद से ही अभ्यर्थियों को शेड्यूल का इंतजार था। अब अभ्यर्थी शुक्रवार को ऑफिशियल वेबसाइट ssc.nic.in के माध्यम से शेड्यूल की जांच कर पाएंगे। गौरतलब है कि एसएससी एमटीएस टियर -1 परीक्षा अस्थायी रूप से अक्टूबर 2023 में तय है। उम्मीदवार एसएससी एमटीएस, हवलदार परीक्षा के संबंध में किसी भी अन्य अपडेट के लिए ऑफिशियल वेबसाइट चेक करते रहें।

## एकलव्य स्कूलों में 4062 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू




बेधड़क | जयपुर

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में 4062 शिक्षक और गैर शिक्षक पदों पर भर्ती निकाली गई है। इसके तहत प्रिंसिपल, पीजीटी, लैब अटेंडेंट, अकाउंटेंट के कई पद शामिल हैं। भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए ऑफिशियल वेबसाइट emrs.tribal.gov.in पर आवेदन किया जा सकता है। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई है।

कुछ समय पहले ही नेशनल एजुकेशन सोसायटी फॉर ट्राइबल स्टूडेंट्स ने एकलव्य स्कूलों में भर्ती के नियम जारी किए थे। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने ऐलान किया था कि केंद्र सरकार तीन वर्षों में एकलव्य स्कूलों में 38000 शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों की भर्ती करने वाली है। पहले चरण में 4062 पदों पर यह भर्ती की जा रही है। टीचिंग स्टाफ के लिए 180 मिनट की परीक्षा होगी, जबकि नॉन टीचिंग स्टाफ के लिए 150 मिनट की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### ये हैं मुख्य पद

प्रिंसिपल (303) -इस पद के लिए योग्यता मास्टर डिग्री, बीएड, बतौर वाइस प्रिंसिपल, पीजीटी या टीजीटी कम से कम 12 साल का अनुभव होना चाहिए। आयु सीमा अधिकतम 50 साल रखी गई है।

पीजीटी (2266)- पीजीटी की योग्यता में पोस्ट ग्रेजुएशन के साथ बीएड होना अनिवार्य है।

अकाउंटेंट (361)- अकाउंटेंट के लिए उम्मीदवार के पास कॉमर्स की डिग्री होना चाहिए।

जूनियर सेक्रेटेरिएट असिस्टेंट (759)- इन पदों के लिए 12वीं पास होना जरूरी है। कम से कम 35 शब्द प्रति मिनिट की गति से इंग्लिश टाइपिंग या 30 शब्द प्रति मिनट की गति से हिन्दी टाइपिंग होना अनिवार्य है।

विजन: एक टीचर ने हुनर से बदली दर्जनों स्कूलों की दशा

# जहाज, ट्रेन और बस से स्कूल बने सेल्फी पॉइंट

बेधड़क | जयपुर

सरकारी स्कूलों के बदहाल इन्फ्रास्ट्रक्चर की कहानी जगजाहिर है, यह एक बड़ी वजह है जिसके कारण सरकारी स्कूलों में बच्चे आना नहीं चाहते। दूसरे शब्दों में कहें तो सरकारी स्कूलों की पढ़ाई का स्तर चाहे जो भी हो लेकिन उनकी बिल्डिंग्स और कैंपस में ऐसा अट्रैक्शन नहीं है जो बच्चों को अपनी ओर खींच सके। लेकिन, अलवर जिले के हल्दीना गांव में आपको सरकारी स्कूल में एक जहाज खड़ा मिलेगा। इस जहाज के कारण यह स्कूल स्टूडेंट्स के लिए एक बड़ा अट्रैक्शन तो बन ही गया है, लोगों के लिए एक सेल्फी पॉइंट भी बन गया है। दरअसल, इस स्कूल की इमारत को एक जहाज की शक्ल में डिजाइन किया गया है। यह काम किया है राजेश लवानियां ने जो एक टीचर के साथ ही एक इंजीनियर भी हैं। उन्होंने अपने इस अनूठे हुनर की बदौलत इस एक स्कूल ही नहीं इस इलाके के दर्जनों स्कूलों की काया पलट दी है। जहाज, ट्रेन, स्पेस स्टेशन, बस जैसे दिखाई देने वाले राजेश के डिजाइन किए स्कूल आज लोकप्रियता में बड़े बड़े निजी स्कूलों को टक्कर दे रहे हैं। राजेश लवानियां को राज्य सरकार की ओर से कई बार सम्मानित किया जा चुका है।




### स्टूडेंट्स के साथ बढ़े सेल्फी लेने वाले

हल्दीना के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रिंसिपल बनवारीलाल चौधरी कहते हैं कि अब क्रूज में स्मार्ट क्लास चलती है, जिसमें छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन पढ़ाया जाता है। इसकी दूसरी मँजिल पर एक्टिविटी रूम है, वहाँ बच्चे कई तरह की गतिविधि करते हैं। जब से ये बना है बच्चे खुद स्कूल आना चाहते हैं। इससे स्कूल का अट्रैक्शन काफी बढ़ गया है। साथ ही आए दिन गाँव में बाहर से आने वाले लोग क्रूज के साथ सेल्फी लेना नहीं भूलते, अगर ये कहें कि स्कूल अब सेल्फी प्वाइंट बन गया है तो गलत नहीं होगा।

### ऐसे शुरू हुई स्कूलों के कायापलट की कहानी




लवानियां ने बताया कि टीचर की नौकरी लगने से पहले मैं सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा कर चुका था। डेपुटेशन पर सर्व शिक्षा अभियान में जूनियर इंजीनियर के तौर पर काम करने का मौका मिला तो यह आईडिया आया। सबसे पहले अलवर के ही मोरसराय में राजकीय मिडिल स्कूल, जो कि एक मंदिर में चलता था, उसे लोगों की मदद से दो मंजिला इमारत बनाया।

इसके बाद से स्कूल बिल्डिंग्स को अलग थीम पर डिजाइन करने का सिलसिला शुरू हुआ। ये काम गांव वालों, स्टाऊर्प व कुछ एनजीओ की मदद से करते हैं।






कलाम सेंटर का इनीशिएटिव

## स्कूल स्टूडेंट्स के लिए होगा ऑलम्पियाड

बेधड़क | जयपुर

मानवता के भविष्य को जानने की जिज्ञासा से भरे स्कूली स्टूडेंट्स के लिए कलाम सेंटर ने एक ऑलम्पियाड 'कलाम क्वेस्ट-एन ऑलम्पियाड ऑन फ्यूचरिस्टिक साइंस एंड टैक्नोलॉजी' लॉन्च किया है। होमी लैब की ओर से ऑर्गनाइज किए जाने वाले इस ऑलम्पियाड में 8 से 18 वर्ष तक की उम्र के स्टूडेंट्स भाग ले सकते हैं। यह कॉम्पिटिशन स्टूडेंट्स में क्रिएटिव थिंकिंग, इमेजिनेशन बढ़ाने और देश-दुनिया की तकनीक, साइंस व समाज के भविष्य के नजरिए को विकसित करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। पार्टिसिपेंट्स को तीन कैटेगरीज में बांटा जाएगा। सब जूनियर कैटेगरी में 8 से 10 वर्ष, जूनियर में 11 से 14 वर्ष और सीनियर कैटेगरी में 15 से 18 वर्ष के स्टूडेंट्स शामिल होंगे। कॉम्पिटिशन के तीन लेवल्स होंगे। तीनों लेवल्स का अलग अलग कॅरिकुलम डिजाइन किया गया है। इसमें साइंस, टैक्नीक, सोश्यल साइंस, करंट इश्यूज आदि के आधार स्टूडेंट्स की प्रतिभा को परखा जाएगा। कलाम सेंटर की वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है।

### ये मिलेंगे अवॉर्ड्स

- **3 टॉपर्स** दुबई स्थित म्यूजियम ऑफ फ्यूचर की विजिट।
- **10 टॉपर्स** देश की किसी यूनिकॉर्न कंपनी की इंडस्ट्रियल/एकेडमिक विजिट।
- **20 टॉपर्स**- प्रख्यात वैज्ञानिक, रिसर्चर और शिक्षाविदों से मिलने का मौका।
- **50 टॉपर्स**-स्पेशल स्टेशनरी की पर्सनलाइज्ड फ्यूचर किट।
- **500 टॉपर्स**-होमी लैब के फ्यूचरिस्टिक साइंस व टैक्नोलॉजी कोर्स का सब्सक्रिप्शन।
- **सभी प्रतिभागी**- कलाम सेंटर व होमी लैब की ओर से सर्टिफिकेट ऑफ पार्टिसिपेशन।

## JoSAA आज जारी करेगा राउंड-1 सीट आवंटन रिजल्ट

**जयपुर।** संयुक्त सीट आवंटन प्राधिकरण (JoSAA) शुक्रवार को राउंड-1 के लिए सीट आवंटन परिणाम जारी करेगा। उम्मीदवार अपने सीट आवंटन परिणाम JoSAA की आधिकारिक वेबसाइट josaa.nic.in से देख और डाउनलोड कर सकेंगे। प्राधिकरण ने मॉक सीट आवंटन परिणाम ऑनलाइन घोषित किया। JoSAA-2023 के लिए मॉक सीट आवंटन का दूसरा राउंड 27 जूनको और पहला राउंड 25 जून को जारी किया गया था।

मॉक सीट आवंटन के माध्यम से उम्मीदवारों को कॉलेज और शाखा के बारे में पता चल जाएगा कि उन्हें उनकी प्राप्त रैंक और श्रेणियों के आधार पर वास्तविक राउंड-1 आवंटन में आवंटित किया जा सकता है।

कॅरियर-मंत्र | 2 साल में पड़ेगी 10 लाख प्रोफेशनल्स की जरूरत

# सेवा के साथ ग्रोथ का बेस्ट कॉम्बीनेशन है हॉस्पिटल मैनेजमेंट

बेधड़क | जयपुर

एक अदद कॅरियर की तलाश कर रहे युवाओं के लिए 'हॉस्पीटल मैनेजमेंट' का क्षेत्र एक बेहतर ऑप्शन साबित हो सकता है। यह क्षेत्र मेडिकल और मैनेजमेंट का बेहतरीन कॉम्बीनेशन होने के कारण युवाओं के सामने कॅरियर के नए आयाम प्रस्तुत करता है। कोरोना महामारी के बाद डॉक्टर्स के साथ ही हॉस्पीटल मैनेजमेंट से जुड़े प्रोफेशनल्स की मांग में भी जबरदस्त इजाफा हुआ है। यह फील्ड एक चैलेंजिंग वर्किंग कल्चर के साथ ही आकर्षक वेतन व लोगों की सेवा कर पाने का सेटिस्फेक्शन भी देती है। एक सर्वे के मुताबिक वर्ष 2025 तक भारत में 10 लाख से ज्यादा हॉस्पिटल मैनेजर्स की जरूरत पड़ेगी। ऐसे में ग्रेजुएशन के बाद एक ग्रोइंग कॅरियर स्ट्रीम तलाश रहे या मेडिकल से जुड़ा कॅरियर ढूंढ रहे युवा भी हॉस्पिटल मैनेजमेंट से जुड़े कोर्स का ऑप्शन चुन सकते हैं।



### ये कोर्स दिलाएंगे एंट्री

- BBA हॉस्पिटल मैनेजमेंट
- MBA हॉस्पिटल मैनेजमेंट
- सर्टिफिकेट कोर्स इन हैल्थ केयर क्वालिटी मैनेजमेंट
- पीजी डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिसिन
- पीजी डिप्लोमा इन हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन

- AIIMS, नई दिल्ली
- SIHS, पुणे
- IHMR, नई दिल्ली
- टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई
- अपोलो इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, हैदराबाद
- आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज, पुणे
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल वेलफेयर एंड मैनेजमेंट, कोलकाता
- देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर

### हैल्थकेयर की एक महत्वपूर्ण स्ट्रीम

हॉस्पिटल मैनेजमेंट हैल्थकेयर सिस्टम की एक महत्वपूर्ण स्ट्रीम है। हॉस्पिटल मैनेजर्स को हॉस्पिटल की सभी व्यवस्थाओं को सुनियोजित करते हुए उन पर नजर बनाए रखना होता है जिससे मरीजों को चिकित्सा सेवाएं निर्बाध रूप से मिल सकें। अच्छे डाक्टरों को ऑर्गेनाइजेशन से जोड़ना, आधुनिक उपकरणों और नई-नई तकनीक की व्यवस्था करना, फाइनेंशियल मैनेजमेंट, सिक्योरिटी मैनेजमेंट, इन्फ्रास्ट्रक्चरल मैनेजमेंट आदि सहित वर्कफोर्स, फेसिलिटीज आदि से जुड़े सभी काम हॉस्पिटल मैनेजमेंट के दायरे में आते है।

### यहां है जॉब के अवसर

हॉस्पिटल मैनेजमेंट में प्रशिक्षित प्रोफेशनल्स के लिए देश में सरकारी और प्राइवेट दोनों ही क्षेत्रों में नौकरी के चांसेस हैं। कोर्स से हॉस्पिटल्स, इंटरनेशनल और डोमेस्टिक हेल्थ केयर इंस्टीट्यूट्स, हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी, नर्सिंग होम आदि में नौकरी मिल सकती है। बड़े हैल्थकेयर ब्रांड्स के साथ ही सरकारी नौकरी में भी हॉस्पिटल मैनेजर्स को अच्छा वेतन ऑफर किया जाता है। एक फ्रेशर हॉस्पिटल मैनेजमेंट प्रोफेशनल असिस्टेंट हॉस्पिटल मैनेजर के पद से कॅरियर शुरू कर सकता है।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमरीका यात्रा

# नई वैश्विक व्यवस्था का निर्माण



अवधेश कुमार
वरिष्ठ पत्रकार



इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि अमेरिका ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राजकीय यात्रा पर आमंत्रित करने के साथ जिस तरह स्वागत सम्मान किया, उनके प्रति राष्ट्रपति जो बाइडेन, उनकी पत्नी जिल बाइडन, उपराष्ट्रपति कमला हैरिस सहित संपूर्ण बाइडेन प्रशासन और विपक्ष का जैसा व्यवहार रहा एवं जिस तरह के समझौते हुए वैसा पिछले अनेक वर्षों में नहीं हुआ। किसी को याद नहीं कि प्रधानमंत्री मोदी की तरह का व्यवहार दूसरे वैश्विक नेता या देश के साथ अमेरिका में कब किया गया। मोदी को व्हाइट हाउस के अंदर ले जाने के लिए एक तरफ राष्ट्रपति बाइडेन ने हाथ पकड़ा था तो दूसरी ओर उनकी पत्नी। बाइडेन के साथ व्हाइट हाउस में पहली मुलाकात के समय पहली बार व्हाइट हाउस ने इतनी संख्या में भारतीय अमेरिकियों के लिए दरवाजे खोले थे। अमेरिका में सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी और विपक्षी विपक्षी रिपब्लिकन पार्टी के बीच गहरे मतभेद और टकराव हैं किंतु भारत के साथ गहरे बहुपक्षीय रिश्तों और रणनीतिक साझेदारी को लेकर गजब एकता दिखी है। दोनों पार्टियों ने मोदी को अमेरिकी संसद को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया और संबोधन के दौरान उत्साहजनक तालियां एवं 15 बार स्टैंडिंग ओवेशन मिला। सांसदों में नरेंद्र मोदी से हाथ मिलाने और ऑटोग्राफ लेने की होड़ थी। आलोचकों ने कहा है कि यह तो खरीदी हुई राजकीय यात्रा, संसद संबोधन एवं सम्मान था। इस प्रकार की आलोचना न केवल भारत को छोटा करना है बल्कि इस यात्रा के फलितार्थों, भारत अमेरिका संबंधों , भारत के विश्व में प्रभावी महाशक्ति बनने, अंतरराष्ट्रीय संबंधों को प्रभावित करने तथा आने वाले समय के लिए वैश्विक समीकरणों की दृष्टि से इसके विराट महत्व को कम करना होगा। इस यात्रा से 21वीं सदी के वैश्विक समीकरणों में बदलाव की शुरुआत हुई तथा ऐसी नई विश्व व्यवस्था की नींव पड़ी है जिसमें भारत अपनी क्षमता, विचारधारा और नेतृत्व की बदौलत निर्णायक भूमिका में दिखाई पड़ेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाशिंगटन के कैनेडी सेंटर में भारत और अमेरिका के शीर्ष कारोबारियों, समाजसेवियों और भारतीय अमेरिकी समुदाय के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत अमेरिकी साझेदारी सहूलियत पर नहीं, बल्कि दृढ़ विश्वास ,साझा प्रतिबद्धता और संवेदना पर आधारित है।

*"इस यात्रा से भारत अमेरिका संबंधों, अंतरराष्ट्रीय राजनीति एवं नई विश्व व्यवस्था की दृष्टि से नए दौर की शुरुआत हुई, नए अध्याय का निर्माण हुआ है। भारतीय वायु सेना के हल्के युद्धक विमान तेजस की अगली पीढ़ी के विमानों में लगने वाला एफ414 इंजन को जनरल इलेक्ट्रिक एयरोस्पेस हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड यानी एचएएल के साथ मिलकर निर्माण करेगा। सेमीकंडक्टर बनाने वाली माइक्रोन अहमदाबाद में प्लांट लगाने में 2.7 अरब डॉलर का निवेश करेगी तो अप्लाइड मैटेरियल्स भी 80 करोड़ डॉलर का निवेश करने जा रहा है। दोनों देशों द्वारा चांद, मंगल, अंतरिक्ष के दूसरे क्षेत्रों के रहस्य का पता लगाने के लिए साझा अभियान चलाना नए अंतरराष्ट्रीय परिवेश का ही परिचायक है।"*

*आलोचकों ने कहा है कि यह तो खरीदी हुई राजकीय यात्रा, संसद संबोधन एवं सम्मान था। इस प्रकार की आलोचना न केवल भारत को छोटा करना है बल्कि इस यात्रा के फलितार्थों, भारत अमेरिका संबंधों , भारत के विश्व में प्रभावी महाशक्ति बनने, अंतरराष्ट्रीय संबंधों को प्रभावित करने तथा आने वाले समय के लिए वैश्विक समीकरणों की दृष्टि से इसके विराट महत्व को कम करना होगा।*

तीन दिनों की यात्रा में राष्ट्रपति बाइडेन के साथ चार चरणों की मुलाकात के बाद दोनों देशों की तरफ से रक्षा, अंतरिक्ष, कारोबार व अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी में सहयोग की जो बड़ी घोषणाएं हुई, समझौते हुए वे सब दो देशों के बीच ही नहीं संपूर्ण विश्व के बदलते समीकरणों के परिचायक हैं। इस यात्रा से भारत अमेरिका संबंधों, अंतरराष्ट्रीय राजनीति एवं नई विश्व व्यवस्था की दृष्टि से नए दौर की शुरुआत हुई, नए अध्याय का निर्माण हुआ है। भारतीय वायु सेना के हल्के युद्धक विमान तेजस् की अगली पीढ़ी के विमानों में लगने वाला एफ414 इंजन को जनरल इलेक्ट्रिक एयरोस्पेस हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड यानी एचएएल के साथ मिलकर निर्माण करेगा। सेमीकंडक्टर बनाने वाली माइक्रोन अहमदाबाद में प्लांट लगाने में 2.7 अरब डॉलर का निवेश करेगी तो अप्लाइड मैटेरियल्स भी 80 करोड़ डॉलर का निवेश करने जा रहा है। दोनों देशों द्वारा चांद, मंगल, अंतरिक्ष के दूसरे क्षेत्रों के रहस्य का पता लगाने के लिए साझा अभियान चलाना नए अंतरराष्ट्रीय परिवेश का ही परिचायक है। जो अमेरिका एक समय भारत को जीपीएस देने को तैयार नहीं था, वह अंतरिक्ष में साझेदारी तक बढ़ गया। अभी तक रूस अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत का सबसे निकट का साझेदार रहा है। भारत ने 2020 के आर्टेमिस समझौते पर भी हस्ताक्षर किए। यह 1967 के अंतरिक्ष समझौते पर आधारित अमेरिका द्वारा निर्मित एक गैर बाध्यकारी व्यवस्था है जो अंतरिक्ष में असैन्य शोध के मूल आदर्श व्यवहार के मापदंडों को निर्धारित करती है। अमेरिका बंगलुरु और अहमदाबाद में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलेगा तो भारत सिएटल में। कारोबारी संभावनाएं नहीं हो तो वाणिज्य दूतावास खोलने का कोई अर्थ नहीं हो सकता। जनरल एटॉमिक्स के साथ 30 एमक्यू-9 बी प्रिडेटर यानी रीपर ड्रोन खरीदने पर भी सहमति इसलिए महत्वपूर्ण है कि यह दुनिया का सबसे घातक मानवरहित विमान है जिसके अचूक निशाने व सटीक निगरानी को संपूर्ण विश्व स्वीकार करता है। अमेरिका ने उच्च शिक्षा हासिल भारतीय पेशेवरों के लिए ज्यादा सहूलियतों और सुविधाओं की घोषणा की। एच 1बी वीजा की संख्या बढ़ाई गई और नवीनीकरण भी अमेरिका के अंदर की हो जाने की घोषणा हुई। अमेरिका भारतीय छात्रों को भी उदारतापूर्वक वीजा देगा। पिछले वर्ष अमेरिका ने भारतीय छात्रों को करीब एक लाख 25 हजार वीजा जारी किए जो रिकॉर्ड है।

मोदी बाइडेन के बीच शिखर वार्ता के बाद आतंकवाद और कट्टरता के बढ़ते खतरे पर जारी संयुक्त बयान में पाकिस्तान के लिए सख्त शब्दों का प्रयोग सामान्य बात नहीं है। बयान में सीमा पार आतंकवाद की निंदा के साथ कहा गया है कि पाकिस्तान सुनिश्चित करे कि उसकी जमीन का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों के लिए न हो। मुंबई हमले व पठानकोट हमले के दोषियों को सजा दिलाने की मांग के साथ संयुक्त राष्ट्र की तरफ से घोषित अलकायदा जैसे मोहम्मद लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिद्दीन के आतंकवादियों के खिलाफ ठोस कदम उठाने की अपील भी इसमें है। दोनों देशों ने आतंकवादी गतिविधियों को रोकने के लिए फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स एफएटीएफ के अंदर ज्यादा सहयोग करने की बात कही है। आतंकवाद के विरुद्ध इस तरह की स्पष्ट घोषणा और सहमति बताती है कि अमेरिका भारत के साथ किस सीमा तक आगे बढ़ने का निर्णय कर चुका है। अमेरिकी प्रशासन ने आतंकवाद को लेकर पहली बार इस तरह की सहमति किसी देश के साथ व्यक्त की और संयुक्त बयान जारी किया।

इस तरह समझौते, साझेदारी, सहमतियां और घोषणाएं निश्चित रूप से बदलते वैश्विक समीकरणों एवं नई विश्व व्यवस्था के परिचायक हैं। अमेरिका ने इसके पूर्व किसी भी देश के साथ इस तरह के खुले समझौते बिना अनुबंध और शर्तों के नहीं किए थे। जर्मनी और जापान के साथ उसके समझौते अनुबंध आधारित रहे हैं। निस्संदेह, अमेरिका के अपना रणनीतिक हित हैं, भारत के साथ संबंधों को लेकर उसकी हिचक खत्म हो गई है। सामरिक सहयोग में दोनों देश लगातार नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। दोनों देश के सैन्य ठिकानों, सुविधाओं तक पहुंच के साथ संवेदनशील सूचनाओं की साझेदारी अब ऐसे ठोस दौर में पहुंच गया है जहां से हम भावी वैश्विक तस्वीरों को आसानी से देख सकते हैं। भारत ने अमेरिका के साथ सबसे ज्यादा साझा सैन्य अभ्यास किया है। भारत की भूमिका क्वाड को सामरिक तेवर देने में भी महत्वपूर्ण रहा है इसे बाइडेन ने अपने आरंभिक संयुक्त वक्तव्य में स्वीकार भी किया। भारत विश्व की सबसे बड़ी जनसंख्या के साथ सबसे तेज गति से बढ़ती हुई आर्थिक शक्ति है। भारत की बढ़ती हुई आर्थिक एवं सैन्य ताकत ने इसे एशिया और विस्तारित एशिया प्रशांत क्षेत्र में शक्ति संतुलन की दृष्टि से महत्वपूर्ण बना दिया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा भी कि अमेरिका भारत साझेदारी ही हिंद प्रशांत क्षेत्र की शांति एवं सुरक्षा के मूल में है। यही क्षेत्र विश्व में राजनीतिक एवं आर्थिक केंद्र के रूप में उभर रहा है।

इसमें दो राय नहीं कि अमेरिका की चिंता चीन की बढ़ती आर्थिक एवं सामरिक ताकत है। चीन संपूर्ण विश्व में जिस तरह की आपूर्ति श्रृंखला स्थापित कर रहा है उसका मुकाबला भारत के बगैर आज के विश्व में संभव नहीं है। चीन भारत के लिए भी चिंता का कारण है। रूस और चीन की दोस्ती अमेरिका के लिए 21 वीं सदी की सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। यूक्रेन युद्ध ने संपूर्ण विश्व के समक्ष नए प्रकार के खतरों और चुनौतियों को रेखांकित किया है। इनको ध्यान में रखें तो भारत अमेरिका के आर्थिक, सामरिक, सांस्कृतिक साझेदारी तथा पृथ्वी, आकाश, पाताल सहित जीवन के हर क्षेत्र में सहयोग पर सहमति का महत्व समझ में आ जाएगा। व्हाइट हाउस में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में रणनीतिक संचार के समन्वयक जॉन किर्बी ने इस यात्रा का लक्ष्य भारत को चीन के मुकाबले पेश करना नहीं बल्कि विश्व के दो बड़े लोकतांत्रिक देशों के बीच रक्षा सहयोग सहित अन्य संबंधों को प्रगाढ़ करना बताया। वास्तव में विश्व को लेकर भारत और अमेरिका का दृष्टिकोण पूरी तरह समान नहीं हो सकता किंतु अनेक बिंदुओं पर सहमति है और इस दृष्टि से दोनों के बीच साझेदारी वैश्विक व्यवस्था के पुनर्निर्माण की क्षमता रखता है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## व्यंग्य

# कैसेट का उलझना...




राजेंद्र बज
व्यंग्यकार

हालांकि 'कैसेट उलझ गई', अब यह तकिया कलाम चलन में नहीं है। लेकिन जहां तक राजनीति की बात है, तो इन दिनों अच्छे-अच्छों की कैसेट उलझी हुई दिखाई देती है। बात इनकी या उनकी ही नहीं, उन सबकी है जो राजनीति की मुख्यधारा से खार खाए बैठे हैं। अब बांकेलाल को ही लीजिए, कल तक जीडीपी का रोना रोते थे- अब महंगाई और भ्रष्टाचार का रोना रो रहे हैं। दरअसल कुछ लोगों की किस्मत में ही रोना लिखा होता है- ये इसके चलते एक डाल से दूसरी डाल पर कूदते हुए हर डाल के पत्ते बिखेरने में जुटे रहते हैं। आप मानो या न मानो, लेकिन सच यही है कि आज लगभग हर एक आदमी की कैसेट कहीं न कहीं उलझी हुई है।


सियासत की दुनिया में अजीब-अजीब तरह के नजारे दिखाई देते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि सत्ता की चौकड़ी के खेल में तुरुप के सारे पत्ते सत्तापक्ष के पास हैं। ऐसे में तथाकथित राष्ट्रीय दल जोकर के सहारे, उसे ही तुरुप के इक्के की मान्यता देते प्रतीत होते हैं। दरअसल इधर वालों के सितारे बुलंदी पर हैं और उधर प्रतिपक्ष के सितारे गर्दिश में नजर आते हैं। यानी कि इनकी कैसेट उलझी हुई है। वैसे जहां तक आम नागरिकों की बात है, तो इनकी कैसेट का उलझना ही इनकी नियति है। रोजमर्रा की जरूरतों में उलझा हुआ आदमी चकरघिन्नी बना नजर आता है। दवा दारू निरंतर महंगी होती जा रही है, ऐसे में घर-घर में घर को चलाना मुश्किल होता जा रहा है। संपन्न वर्ग को चिंता नहीं और सर्वथा विपन्न वर्ग की चिंता सरकार करती है। ऐसे में मध्यम वर्ग आखिर कहां जाए ?

राजनीतिक दृष्टि से मुद्दे की बात यह कि एक बार यदि कैसेट उलझ जाती है, तो फिर न सुर का मजा देती है ना संगीत का। यही कारण है कि उधर वाले इधर वालों का एजेंडा लिए घूम रहे हैं। मंदिरों में पूजा हो रही है, चढ़ावा चढ़ाया जा रहा है- इस कार्य को प्राथमिकता से पहले इधर वाले किया करते थे लेकिन हम उधर वाले भी करने लगे हैं। इससे सिद्ध होता है कि जब कैसेट उलझ जाती है, तब उसे नए सिरे से भर लेना चाहिए। अपनी उलझी हुई कैसेट को सुलझाने के लिए कल तक महापुरुषों का सहारा लिया जाता था, अब विभिन्न देवी-देवताओं का सहारा लिया जाता है। सियासी जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए कोई चंडी पाठ करके घर से निकलता है, तो कोई जय श्रीराम के उद्घोष के साथ सत्ता की ओर लपकने को आतुर दिखाई देता है।

जहां तक जनता जनार्दन का प्रश्न है, तो उसकी स्थिति महज 'ज्ञाता-दृष्टा' से अधिक कुछ नहीं है। एक प्रकार से वह एक ऐसी कठपुतली है जिसकी डोर राजनीति के खासम-खास या उनके खासम-खास के हाथों में है। लोकतंत्र में जनता ही मुल्क की मालिक होती है। लेकिन इस मालिक को राजनीति के माली ही कठपुतली की भांति नचाया करते हैं। आप और हम राजनीति में व्याप्त तमाम विसंगतियों का बखान कर-कर के 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' का परिचय दे रहे हैं। लेकिन विकृतियों के निदान के लिए किसी भी प्रकार की आवाज लोकतंत्र की राजनीति के नक्कारखाने में तूती की आवाज से अधिक कुछ सिद्ध नहीं होती। मुद्दे की बात यह कि किसी और की कैसेट नहीं उलझी है, दरअसल कैसेट तो हमारी ही उलझी है।




**राहुल गांधी,** (पूर्व सांसद)
**@RahulGandhi**
पूंजीपतियों की संपत्ति बढ़ाने और जनता से टैक्स वसूल करने में व्यस्त भाजपा सरकार, गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को भूल ही गई। 9 साल का एक ही सवाल है! आखिर किसका है ये अमृतकाल?



**आचार्य प्रमोद,** आध्यात्मिक गुरु
@AcharyaPramodk
मणिपुर "जाने" से राहुल गांधी को रोक सकते हो, लेकिन देश में "छाने" से कैसे रोकोगे ?



**तेजस्वी यादव,** उपमुख्यमंत्री, बिहार
@yadavtejashwi
भीम आर्मी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद पर अपराधियों द्वारा दुर्भाग्यपूर्ण हमला उत्तर प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था का परिचायक है। उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
**@SadhguruJV**
आप कितने जीवंत, सक्रिय, भावुक या आनंदित हैं यह केवल आपकी तीव्रता और भागीदारी के स्तर पर निर्भर करता है।



**अमोघ लीला प्रभु,** आध्यात्मिक लेखक
**@LilaAmogh**
भक्ति का एक दाना, ढेर सारी आस्थाहीनता से अधिक मूल्यवान है।


## नॉलेज कॉर्नर: सौ एकड़ भूमि में बसा यह विशाल परिसर

# विश्व का तीसरा सबसे बड़ा मंदिर 'अक्षरधाम'

विश्व में कई प्रकार के हिंदू मंदिर हैं। एक अनुमान के मुताबिक पूरी दुनिया में लगभग दो मिलियन यानी 20 लाख हिंदू मंदिर हैं। लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि देश की राजधानी दिल्ली में बना अक्षरधाम मंदिर विश्व का तीसरा सबसे बड़ा मंदिर है। इसी के साथ इस मंदिर का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स में शामिल है। इसके अलावा पहले व दूसरे स्थान पर क्रमश: अंकोरवाट मंदिर तथा श्री रंगनाथस्वामी मंदिर का नाम आता है। अक्षरधाम मंदिर पूरे सौ एकड़ भूमि में बना हुआ है। यह विश्व का सबसे अनोखा सांस्कृतिक मंदिर है। इसकी खास बात यह भी है कि बहुत कम समय में इस मंदिर ने विश्व ख्याति प्राप्त कर ली। इसमें कमल के आकार का बगीचा भी बना हुआ है। इसके अलावा वर्ष 1822 में बना गुजरात का अक्षरधाम सबसे पुराना अक्षरधाम मंदिर है।

### सबसे विशाल हिंदू मन्दिर परिसर

नई दिल्ली में बना यह मंदिर स्वामीनारायण अक्षरधाम के नाम से जाना जाता है, जो कि मन्दिर प्रेमियों के लिए सबसे अनोखा सांस्कृतिक तीर्थ है। इस मंदिर को ज्योतिर्धर भगवान स्वामीनारायण की पुण्य स्मृति में बनवाया गया है। यमुना नदी के किनारे बसे इस मंदिर को 6 नवंबर 2005 को खोल दिया गया था। मंदिर के मुख्य देव भगवान स्वामीनारायण हैं, लेकिन मंदिर के भीतर सभी हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां भी विराजमान हैं। दुनिया का सबसे



विशाल हिंदू मन्दिर परिसर होने के कारण 26 दिसम्बर 2007 को इसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स में शामिल कर लिया गया था। 11 हजार से ज्यादा कारीगरों की मदद से बने इस मंदिर को पांच प्रमुख भागों में विभाजित किया गया है। जिसमें ऋषियों और संतों की प्रतिमाओं को भी स्थान दिया गया है।

### मंदिर की विशेषताएं

इस मंदिर में कई द्वार बने हुए हैं, जैसे- दश द्वार, भक्ति द्वार तथा मयूर द्वार। सभी द्वारों की अपनी अलग-अलग विशेषताएं हैं। जहां दश द्वार दसों दिशाओं के साथ वैदिक शुभकामनाओं को प्रतिबिंबित करते हैं, तो वहीं भक्ति द्वार परंपरागत भारतीय शैली का नमूना है। जिसमें भक्ति एवं उपासना के 208 स्वरूप मंडित हैं। मयूर द्वार पर नृत्य शैली में 869 मोर बने हुए हैं, जो कि अलग-अलग खंभों पर बने हुए हैं। गुलाबी, सफेद संगमरमर तथा बलुआ पत्थरों के मिश्रण से बने इस मंदिर को बनाने में कुल पांच साल का समय लगा था। इसमें स्टील, लोहे और कंक्रीट का कहीं भी इस्तेमाल नहीं किया गया है।


**अन्य दिलचस्प बातें...**

*इसमें नक्काशीदार स्तंभ, गुंबद और बीस हजार मूर्तियां हैं। जिसमें जन्म-मरण के चक्र को उल्लेखित किया जाता है। यह सोमवार के अलावा पूरे 6 दिन खुलता है। आने वाले दर्शनार्थियों के लिए सुनने व देखने के लिए मार्गदर्शिका भी उपलब्ध करवाई जाती है।*

*कंटेंट: सुप्रिया सरकार*

### केंद्रीय मंत्री बोले- केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का जनता तक पहुंच रहा है लाभ

# मोदी सरकार ने बिचौलियों की भूमिका को किया खत्म: अर्जुन मेघवाल



एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गुरुवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने कल्याणकारी योजनाओं के फायदे सीधे लोगों के खाते में डालकर 'बिचौलियों की भूमिका खत्म' कर दी है।

मेघवाल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 2014 से पहले भी कई योजनाएं थी, लेकिन उनका क्रियान्वयन बहुत धीमा था, जबकि 2014 के बाद 100 से अधिक योजनाएं आई और उन्हें बड़े पैमाने पर तथा अधिक तेज गति से लागू किया गया। भाजपा सांसद हंसराज हंस ने कहा कि जब पूरा देश कोविड-19 की चपेट में था तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को टीके दिए और 100 से अधिक अन्य देशों को भी टीके उपलब्ध कराए गए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने राम मंदिर को लेकर लंबे समय तक चला विवाद खत्म किया और इस साल वहां दिवाली उत्सव मनाया जाएगा। सांसद ने कहा कि मोदी सरकार ने कश्मीर में अनुच्छेद 370 भी निरस्त किया जो एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

## लोकसभा चुनाव के लिए पूर्वी और पूर्वोत्तर राज्यों के भाजपा नेताओं की होगी बैठक

भाजपा 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए अपने प्रचार अभियान की तैयारी के तहत अगले महीने दिल्ली, गुवाहाटी और हैदराबाद में अपने राज्य के नेताओं के लिए तीन बैठकें आयोजित करेगी। इन बैठकों में पार्टी के वरिष्ठ राष्ट्रीय नेता भी शामिल होंगे। सूत्रों ने बताया कि गुवाहाटी में छह जुलाई को पूर्वी और पूर्वोत्तर राज्यों के नेताओं की बैठक होगी जबकि 7 जुलाई को उत्तरी राज्यों की दिल्ली में बैठक संभावित है। इसी कड़ी में आठ जुलाई को दक्षिणी राज्यों के लिए हैदराबाद में एक बैठक होगी। गुजरात भाजपा इकाई दिल्ली की बैठक का हिस्सा होगी, जबकि महाराष्ट्र के इसके नेता हैदराबाद में विचार-विमर्श में शामिल होंगे। इन बैठकों में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के नौ साल पूरे होने के मौके पर देशभर में पार्टी द्वारा चलाए जा रहे महीने भर के अभियान का भी जायजा लिया जाएगा।

## भारत-विरोधी ताकतें करती हैं विदेशों में राहुल के कार्यक्रम: ठाकुर

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विदेश में कार्यक्रम 'भारत-विरोधी ताकतों' द्वारा आयोजित किए जाते हैं, जो देश के खिलाफ षड्यंत्र रचते हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने संवाददाताओं से कहा कि गांधी और कांग्रेस पार्टी को देश को बताना चाहिए कि ऐसे तत्व उनके साथ क्यों जुड़े हुए हैं। भाजपा के इस आरोप पर कांग्रेस की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। ठाकुर मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने के मौके पर भाजपा के संपर्क अभियान 'संपर्क से समर्थन' से संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच तब स्पष्ट होती है जब राहुल गांधी विदेश यात्रा करते हैं...और किसके समर्थन से उनके कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं? ...किन लोगों के नाम उन संगठनों से जुड़े हैं जो भारत के खिलाफ एजेंडा चलाते हैं। और कौन उन्हें धन देता है? ...जो भारत को तोड़ने की बात करते हैं, जो ऐसे अभियानों का वित्त-पोषण कौन करते हैं। ठाकुर ने दावा किया कि शाहीन बाग मामले में 'भारत के खिलाफ जहर उगलने वालों' के लिए धन मुहैया कराया गया। मंत्री ने आरोप लगाया कि जो लोग पाकिस्तान की प्रशंसा करते हैं वे राहुल का समर्थन करते हैं और उनके कार्यक्रम आयोजित करते हैं। उन्होंने कहा कि मेरा राहुल और कांग्रेस से सवाल है कि ऐसी कौन सी बेबसी है कि उन्हें भारत-विरोधी ताकतों से समर्थन और सहायता प्राप्त करनी है... उनके निमंत्रण को स्वीकार करना है और उनके मंच पर राहुल गांधी देश के खिलाफ आवाज उठाते हैं।

## जर्मन-ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त से खरगे की मुलाकात



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को भारत में जर्मन राजदूत फिलिप एकरमैन और ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त बैरी ओ'फेरेल से मुलाकात की। यह मुलाकात यहां खरगे के आवास 10, राजाजी मार्ग पर हुई और दोनों देशों के साथ भारत के संबंधों को मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा की गई। खरगे ने बाद में इन बैठकों की तस्वीरें ट्वीट कीं। उन्होंने कहा कि भारत जर्मनी के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने वाले पहले देशों में से एक था। खरगे ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया में कई समानताएं हैं, जो प्रगाढ़ सहयोग और बहुआयामी संबंधों की नींव के रूप में काम करती हैं। हमारी रणनीतिक साझेदारी आगे बढ़ी है।

## भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर की अस्पताल से छुट्टी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के देवबंद में भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद पर बुधवार शाम हुए हमले में इस्तेमाल की गई कार जिले के मिरगपुर गांव से बरामद कर ली गई है। इस बीच, आजाद को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और मामले में प्राथमिकी भी दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने बताया कि आजाद की आज सहारनपुर के जिला चिकित्सालय से छुट्टी कर दी गयी। भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद को बुधवार शाम देवबंद में हमला होने के बाद सहारनपुर के जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। जिला चिकित्सालय से छुट्टी मिलने पर पत्रकारों से बातचीत में चंद्रशेखर ने आरोप लगाया कि इस घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कुछ न बोलना यह दर्शाता है कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश में अपराध को संरक्षण दे रहे हैं।

### मणिपुर: मोइरांग दौरा रद्द कर इम्फाल लौटे कांग्रेसी नेता

# बिष्णुपुर में घंटों फंसे राहुल गांधी हेलिकॉप्टर से पहुंचे चुराचांदपुर

एजेंसी | इम्फाल

मणिपुर दौरे पर गए कांग्रेस नेता राहुल गांधी गुरुवार को बिष्णुपुर में घंटों फंसे रहने के बाद चुराचांदपुर के लिए हेलिकॉप्टर से रवाना हुए और वहां लोगों से मुलाकात की। इसके बाद वे इम्फाल लौट आए हैं और रात्रि विश्राम यहां पर करेंगे। इससे पहले क्षेत्र में राहत शिविरों का दौरा करने के लिए चुराचांदपुर जा रहे गांधी के काफिले को राज्य की राजधानी से लगभग 20 किमी दूर बिष्णुपुर में पुलिस ने रोक दिया था।

हवाई अड्डे पर एक सूत्र ने बताया कि राहुल गांधी ने चुराचांदपुर जाने के लिए राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल किया। इस दौरान पुलिस और प्रशासन के शीर्ष अधिकारी हेलिकॉप्टर में उनके साथ थे। इस बीच कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार हिंसा प्रभावित राज्य में गांधी की यात्रा को विफल करने का प्रयास कर रही है। मणिपुर कांग्रेस अध्यक्ष कीशम मेघचंद्र ने बताया कि राहुल गांधी का मोइरांग दौरा रद्द हो गया है। प्रशासन ने उन्हें मोइरांग आने की इजाजत नहीं दी। उन्होंने कहा कि राहुल को न तो सड़क से और ना ही हवाई रास्ते से जाने की इजाजत दी गई। वह सिर्फ चुराचांदपुर में ही हिंसा प्रभावित लोगों से मिल सके। वह इम्फाल लौट रहे हैं और रात्रि विश्राम वहीं करेंगे।



### हिंसा की आशंका के चलते रोका काफिला

भाजपा ने दावा किया कि राहुल गांधी को हेलिकॉप्टर से जाने के लिए कहा गया था क्योंकि उनकी यात्रा का विभिन्न वर्गों ने विरोध किया था, लेकिन वह सड़क मार्ग से यात्रा करने पर अड़े हुए थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रास्ते में हिंसा की आशंका के चलते काफिले को रोका गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि उनकी सुरक्षा को खतरा है। हम राहुल गांधी को आगे बढ़ने देने का जोखिम नहीं उठा सकते।

### मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा को घेरा

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारें गांधी की यात्रा को रोकने के लिए 'निरंकुश तरीकों' का इस्तेमाल कर रही हैं। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने ट्वीट किया कि 'डबल इंजन वाली विनाशकारी सरकारें राहुल गांधी की लोगों तक पहुंच को रोकने के लिए निरंकुश तरीकों का इस्तेमाल कर रही हैं। यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है और सभी संवैधानिक और लोकतांत्रिक मानदंडों को ध्वस्त करता है। मणिपुर को शांति की जरूरत है, टकराव की नहीं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी राहत शिविरों में पीड़ित लोगों से मिलने और उन्हें सांत्वना देने के लिए वहां जा रहे हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कीशम मेघचंद्र ने आरोप लगाया कि गांधी के काफिले को रोकने का आदेश मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह की ओर से आया था क्योंकि हर कोई उनका स्वागत कर रहा था। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यह सबसे दुर्भाग्यपूर्ण है कि मोदी सरकार राहुल गांधी को राहत शिविरों का दौरा करने और इम्फाल के बाहर लोगों से बातचीत करने से रोक रही है। रमेश ने पूछा कि उनकी दो दिवसीय मणिपुर यात्रा 'भारत जोड़ो यात्रा' की भावना के अनुरूप है। प्रधानमंत्री चुप रहना या निष्क्रिय रहना चुन सकते हैं, लेकिन मणिपुरी समाज के सभी वर्गों को सुनने और उन्हें सांत्वना देने के राहुल गांधी के प्रयासों को क्यों रोका जाए?

### राहुल की यात्रा का कई संगठनों ने किया विरोध

भाजपा ने हालांकि आश्चर्य जताया कि गांधी चुराचांदपुर हेलिकॉप्टर से क्यों नहीं जाना चाह रहे। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा का मणिपुर में कई नागरिक समाज संगठनों और छात्र संघों ने पुरजोर विरोध किया है। इसे ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने गांधी से हेलिकॉप्टर से चुराचांदपुर जाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा के राजनीतिक लाभ के लिए 'अड़ियल" रवैया अपनाने से ज्यादा महत्वपूर्ण है कि संवेदनशील स्थिति को समझा जाए।

### 'मोहब्बत की दुकान' की जरूरत नहीं



**यमुनानगर (हरियाणा)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'नफरत के बाजार' संबंधी टिप्पणी के लिए उनकी आलोचना की और कहा कि उनकी तथाकथित 'मोहब्बत की दुकान' की कोई जरूरत नहीं है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के मौके पर रक्षा मंत्री ने 'गौरवशाली भारत' रैली को संबोधित करते हुए कहा की प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की प्रतिष्ठा बढ़ी है, लेकिन कांग्रेस के लोगों के साथ क्या हो रहा है? उनके एक नेता जहां भी वह जाते हैं वह कहते हैं 'नफरत का बाजार' है और वह वहां 'मोहब्बत की दुकान' खोलने आए हैं। राजनाथ सिंह ने हालांकि गांधी का नाम नहीं लिया, लेकिन वह विपक्षी नेता के बयान को लेकर उन पर कटाक्ष कर रहे थे।

### 'भाजपा की हताशा को दर्शाता है काफिले को रोकना'



**नई दिल्ली।** मणिपुर के बिष्णुपुर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का काफिला रोके जाने के बाद तृणमूल कांग्रेस ने गुरुवार को केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा और आरोप लगाया कि यह भाजपा की हताशा को दर्शाता है। गांधी ने मणिपुर में जातीय संघर्ष के कारण विस्थापित हुए लोगों से आज चुराचांदपुर में मुलाकात की। तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ'ब्रायन ने कहा कि मोदी-शाह की भाजपा अब हताश हो गई है। एक महीने पहले ममता बनर्जी ने मणिपुर में प्रवेश की अनुमति मांगते हुए पत्र लिखा था। उन्हें अनुमति नहीं मिली। ठीक एक महीने बाद, राहुल गांधी को भी प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। यह निश्चित तौर पर भाजपा सरकार के अंतिम 300 दिन हैं।

### मणिपुर में जातीय हिंसा में अब तक 100 से ज्यादा की मौत

मणिपुर में मेइती और कुकी समुदाय के बीच मई की शुरुआत में भड़की जातीय हिंसा में 100 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। मणिपुर में अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में तीन मई को पर्वतीय जिलों में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' के आयोजन के बाद झड़पें शुरू हुई थीं। मणिपुर की 53 प्रतिशत आबादी मेइती समुदाय की है और यह मुख्य रूप से इंफाल घाटी में रहती है। वहीं, नगा और कुकी जैसे आदिवासी समुदायों की आबादी 40 प्रतिशत है और यह मुख्यत: पर्वतीय जिलों में रहती है।

### विरोध के बाद खत्म हुआ कार्यक्रम

# धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम में 110 टीचर्स की ड्यूटी



एजेंसी | राजगढ़ (मध्यप्रदेश)

मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के एक धार्मिक प्रवचन कार्यक्रम के दौरान पुलिस की मदद के लिए सरकारी स्कूल के 100 से अधिक शिक्षकों को तैनात किया गया था।

एक अधिकारी ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। इस फैसले से शिक्षकों के संगठन मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस ने नाराजगी जताई है। शिक्षकों के विरोध के बाद तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन इसे रद्द कर दिया गया। शास्त्री मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के एक प्रमुख धार्मिक केंद्र बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर हैं। 26 से 28 जून तक खिलचीपुर कस्बे में उनका कथा (प्रवचन) कार्यक्रम हुआ। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी करण सिंह भिलाला ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान लगभग एक हजार पुलिसकर्मियों को उनके कर्तव्यों का पालन करने में मदद करने के लिए प्रशासन के निर्देश पर विभिन्न क्षेत्रों में 110 शिक्षकों को तैनात किया गया था। शिक्षक कांग्रेस के महासचिव आशुतोष पांडे ने बताया कि संगठन द्वारा विरोध दर्ज कराने के बाद कार्यक्रम समाप्त होने से एक दिन पहले यह आदेश वापस ले लिया गया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को दोयम दर्जे का नागरिक माना जाता है और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कीमत पर उनके साथ इस तरह का व्यवहार किया जाता है। उन्होंने दावा किया कि इससे पहले राज्य प्रशासन ने सिंहस्थ कुंभ मेले के दौरान श्रद्धालुओं के जूतों और चप्पलों की सुरक्षा के लिए शिक्षकों को तैनात किया था।

### मंत्रिमंडल में फेरबदल का मामला

# फाइल रोक कर बैठे हैं उपराज्यपाल: आप

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार के मंत्रिमंडल में फेरबदल से जुड़ी फाइल पिछले चार दिनों से उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना के पास हस्ताक्षर के लिए पड़ी है।

मंत्रिमंडल में इस बदलाव को बड़ा बताते हुए सूत्र ने कहा कि इन बदलावों को मंजूरी देने संबंधी फाइल पिछले चार दिनों से उपराज्यपाल के पास है। उनके पूर्ववर्ती अनिल बैजल ऐसी फाइलों को आधे घंटे में मंजूरी दे दिया करते थे। हालांकि, उपराज्यपाल कार्यालय के सूत्रों ने आरोपों को खारिज कर दिया और बताया कि फाइल पर बुधवार को हस्ताक्षर किए जाने के बाद उसे सरकार को भेज दिया गया। पिछले कुछ महीनों में दिल्ली सरकार के मंत्रिमंडल में कई फेरबदल हो चुके हैं। मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के इस्तीफे के बाद इस साल मार्च में सौरभ भारद्वाज और आतिशी को मंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई। कथित शराब घोटाला मामले में सिसोदिया और जैन जेल में हैं।

### पीएम के बयान के बाद राजनीतिक घमासान शुरू

# समान नागरिक संहिता के मुद्दे पर विपक्ष ने घेरा तो BJP ने किया पलटवार

एजेंसी | नई दिल्ली

समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान के बाद राजनीतिक घमासान शुरू हो गया है। विपक्ष इस मुद्दे पर मुखर है और मोदी सरकार पर निशाना साध रहा है। सीनियर नेता कपिल सिब्बल ने पीएम मोदी पर कटाक्ष किया है।

पूर्व कानून मंत्री कपिल सिब्बल ने सवाल किया कि उनका प्रस्ताव कितना समान है और क्या हिंदू, आदिवासी और पूर्वोत्तर सभी इसके दायरे में आते हैं। इसके अलावा सिब्बल ने सवाल उठाया कि आखिर 9 साल बाद पीएम मोदी को ये बात क्यों याद आ रही है। पूर्व कानून मंत्री कपिल




सिब्बल ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी को लेकर उन पर कटाक्ष करते हुए प्रश्न किया कि उनका प्रस्ताव कितना 'समान' है और क्या हिंदू, आदिवासी और पूर्वोत्तर सभी इसके दायरे में आते हैं। राज्यसभा सदस्य सिब्बल ने ट्वीट किया, 'प्रधानमंत्री ने समान नागरिक संहिता पर जोर दिया... विपक्ष पर मुसलमानों को भड़काने का आरोप लगाया।

### स्टालिन ने पीएम पर साधा निशाना



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एम. के. स्टालिन ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की मंशा को लेकर गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। यूसीसी पर प्रधानमंत्री की टिप्पणियों का जिक्र करते हुए स्टालिन ने उन पर 'कानून और व्यवस्था की स्थिति को पूरी तरह से बाधित करने' और 'धार्मिक हिंसा' भड़काने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हमारे मोदी कहते हैं कि एक देश में दो तरह के कानून नहीं होने चाहिए। स्टालिन ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री देश में सांप्रदायिक भावनाओं को भड़काकर और भ्रम पैदा करके 2024 का लोकसभा चुनाव जीतने की सोच रहे हैं।

### समाज के सभी तबकों को करेगा संतुष्ट यूसीसी: चौबे



**पटना।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने गुरुवार को इस बात पर जोर दिया कि समान नागरिक संहिता समाज के कुछ तबकों की तुष्टि के बजाय सभी को संतुष्ट करेगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने आशा जताई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी-नीत सरकार जल्दी समान नागरिक संहिता लाएगी। केंद्रीय मंत्री ने समाज का सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करने और उसका राजनीतिक लाभ लेने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा यह मुद्दा उठाए जाने के विपक्षी दलों के दावों को भी खारिज किया। उन्होंने कहा कि वे सिर्फ विपक्ष होने के नाते इसका विरोध कर रहे हैं।

### लागू करने से पहले परिणामों के बारे में सोचें: फारूक

**श्रीनगर।** नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि केंद्र सरकार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के मुद्दे को आगे नहीं बढ़ाना चाहिए और इसे लागू करने के परिणामों पर पुनर्विचार करना चाहिए। श्रीनगर से लोकसभा सदस्य अब्दुल्ला ने कहा कि यह विविधताओं से भरा देश हैं और यहां विभिन्न जातियों व धर्मों के लोग रहते हैं और मुसलमानों का अपना शरिया कानून है।

### विपक्ष की मीटिंग से परेशान हो गए पीएम



**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार ने गुरुवार को कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के बारे में चर्चा करने से पहले केंद्र सरकार को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करना चाहिए। पवार ने संवाददाता सम्मेलन में यह भी कहा कि पटना में विपक्षी दलों की बैठक के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परेशान हो गए हैं। उन्होंने कहा कि अगली बैठक 13-14 जुलाई को बेंगलुरु में होगी। यूसीसी मुद्दे को लेकर हो रही बहस पर उन्होंने कहा कि राकांपा विभिन्न समुदायों के सुझावों और मांगों पर गौर करने के बाद अपना रुख स्पष्ट करेगी। पवार ने कहा कि इससे पहले विधानसभाओं और लोकसभा में महिलाओं को आरक्षण दिया जाना चाहिए, जो काफी समय से लंबित है।

## जरूरी खबर

### सीजेआई ने वैष्णो देवी मंदिर में की पूजा-अर्चना



**जम्मू।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डॉ. न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ ने जम्मू-कश्मीर के कटरा में माता वैष्णो देवी मंदिर की पवित्र गुफा और गर्भगृह में गुरुवार को पूजा-अर्चना की। सीजेआई का पद संभालने के बाद न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की माता वैष्णो देवी मंदिर की यह पहली यात्रा है। इस मौके पर सीजेआई के साथ जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश भी थे। सीजेआई ने यहां आने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा और उनकी तीर्थयात्रा को परेशानी मुक्त बनाने के लिए सुविधाएं प्रदान करने के लिए माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड द्वारा शुरू किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

### भूस्खलन के बाद बदरीनाथ राष्ट्रीय मार्ग किया बंद



**गोपेश्वर (उत्तराखंड)।** उत्तराखंड के चमोली जिले के छिनका में गुरुवार को भारी बारिश और भूस्खलन से ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया। इससे दोनों तरफ सैंकड़ों यात्री फंस गए । चमोली जिले में कई स्थानों में तेज बारिश हुई। इसके कारण कई जगहों पर भूस्खलन हुआ। छिनका में भी पहाड़ी का मलबा सड़क पर आ गया। इससे उस पर वाहनों का आवागमन ठप हो गया।जिला प्रशासन ने बताया कि मलबा साफ करने के लिए मौके पर कार्मिक पहुंच गए है और सड़क पर यातायात बहाल करने के प्रयास जारी हैं।

### दुष्कर्म के दोषी को 20 साल के कारावास की सजा

**मथुरा (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले की विशेष पॉक्सो अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई और 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। रिफाइनरी थाने के कार्यवाहक प्रभारी एवं वरिष्ठ उप निरीक्षक चंद्रवीर सिंह ने बताया कि मामला थाना क्षेत्र के एक गांव का है, जहां 14 साल की पीड़िता के पिता ने भैंसा गांव निवासी उस्मान उर्फ नहना (27) के खिलाफ 20 नवंबर, 2019 को मामला दर्ज कराया था। न्यायाधीश ने उस्मान को 20 साल के कारावास की सजा सुनाई और 50 हजार का जुर्माना किया।

## ईद उल अजहा: अमन-चैन के लिए मांगी दुआ



*आगरा। यूपी में ईद उल अजहा (बकरीद) हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुस्लिमों ने मस्जिदों और ईदगाह में नमाज पढ़ने के बाद एक दूसरे को बधाई दी। उन्होंने कुर्बानी में शिरकत की और बधाई देने एक दूसरे के घर गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईद उल अजहा के अवसर पर लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। आगरा के ताजमहल पर बड़ी संख्या में लोगों ने नमाज अदा की और देश की शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की।*

### 3 जुलाई को होगी केन्द्रीय मंत्रिपरिषद की मीटिंग

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन जुलाई को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक प्रगति मैदान में नवनिर्मित कन्वेंशन सेंटर में होने की संभावना है। इसमें जी-20 शिखर बैठक का आयोजन किया जाएगा। केंद्रीय मंत्रिपरिषद में फेरबदल को लेकर लंबे समय से अटकलें लग रही है। हालांकि बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक में नड्डा की मौजूदगी से सरकार एवं भाजपा संगठन में बदलाव की अटकलों को गति मिली। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि मानसून सत्र से पहले की अवधि इस कवायद के लिए आखिरी मौका हो सकता है। साल के अंत में होने वाले अहम विधानसभा चुनावों और 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी संगठन में बदलाव की संभावना को लेकर भी कयास लगाए जा रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में अमित शाह, नड्डा और बी एल संतोष ने संगठन और राजनीतिक मुद्दों पर कई दौर की चर्चा की है। इससे पहले शाह, नड्डा सहित अन्य नेताओं ने मंथन किया था ताकि संगठनात्मक एवं राजनीतिक स्थिति का जायजा लिया जा सके।

### गृहमंत्री अमित शाह ने बिहार के सीएम पर बोला जमकर हमला

# ‘पलटू बाबू’ को जिसने कुर्सी दी, उसी पर उठा रहे सवाल

एजेंसी | मुंगेर (बिहार)/मुंबई

अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए हाल ही में भाजपा विरोधी मोर्चा बनाने के लिए विपक्षी सम्मेलन को लेकर बढ़ते राजनीतिक घमासान के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर कटाक्ष करते हुए उन्हें ‘पलटू बाबू’ करार दिया और कहा कि वह राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद को ‘मूर्ख’ बना रहे हैं।



शाह ने पटना बैठक में शामिल हुए विपक्षी नेताओं पर 20 लाख करोड़ रुपए से अधिक के घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाते हुए कहा कि नीतीश कुमार को उन लोगों का कुछ सम्मान करना चाहिए जिनके साथ उन्होंने सत्ता साझा की है और जिनकी वजह से वह सीएम बने हैं। उन्होंने कहा कि राजग को ‘धोखा’ देने वाले नेताओं को ‘सजा’ दी जानी चाहिए। शाह ने करीब 25 मिनट के अपने भाषण में प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ की और हालिया विदेश दौरे में उन्हें मिले ‘सम्मान’ का उल्लेख किया जहां एक जगह उनके ऑटोग्राफ की मांग थी तो एक अन्य जगह उनके पैर छुए गए।

गृहमंत्री ने कहा कि मोदी को विदेश दौरे पर मिला सम्मान, भाजपा का नहीं, बल्कि परोक्ष रूप से बिहार सहित देश की जनता को मिला सम्मान है।

### 20 बार राहुल को ‘लॉन्च’ करने की कवायद विफल

कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी को ‘लॉन्च’ करने की कोशिशों के बार बार विफल होने का दावा करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगले लोकसभा चुनाव में जनता को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राहुल गांधी में से किसी एक को चुनना होगा। पटना में 23 जून को 16 विपक्षी दलों की बैठक के बाद पहली बार बिहार के दौरे पर आए शाह ने यह भी कहा कि कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी को ‘जन नेता’ के तौर पर स्थापित करने की पिछले 20 सालों से कोशिश हो रही है, लेकिन वह नाकाम रही। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि मतदाताओं को मोदी जी पर पूरा भरोसा है।

### पत्रकारों से बोले एमपी के मुख्यमंत्री

## सावरकर पर पाठ MP में स्कूल पाठ्यक्रम का हिस्सा होगा: चौहान

एजेंसी | भोपाल

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि स्कूलों में हिंदुत्व विचारक दिवंगत वी डी सावरकर का पाठ को पढ़ाया जाएगा। उन्होंने गुरुवार को कहा कि सावरकर ने अंडमान की कुख्यात सेलुलर जेल में दोहरी आजीवन कारावास की सजा काटी थी और सज़ा इतनी कठोर थी कि उन्हें अपने भाई (गणेश सावरकर) की कैद के बारे में वर्षों बाद पता चला।

उन्होंने मुरैना में संवाददाताओं से कहा कि अगर आप सेल्युलर जेल जाएंगे, तो आपको पता चलेगा कि वह वहां कैसे रहते थे। जिस व्यक्ति ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया, उसके बारे में स्कूलों में पाठ पढ़ाया जाएगा। इससे पहले दिन में शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा था कि राष्ट्रीय शिक्षा



नीति के तहत हिंदुत्व विचारक दिवंगत वी डी सावरकर पर पाठ राज्य के स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ एक परिवार के महिमामंडन पर ध्यान केंद्रित किया और कई क्रांतिकारियों की अनदेखी की। परमार ने कहा कि एनईपी के तहत भगवान परशुराम, भगत सिंह, राजगुरु, सुभाष चंद्र बोस और वीर सावरकर के जीवन और शिक्षाओं को भारत की ज्ञान परंपरा के हिस्से के रूप में शामिल किया जाएगा ताकि लोगों को उनके योगदान के बारे में पता चल सके।

### मणिपुर: सुरक्षाकर्मियों ने छोड़े आंसू गैस के गोले

## गोलीबारी में दो ‘दंगाइयों’ की मौत

एजेंसी | इंफाल

मणिपुर में कांगपोकपी जिले के हराओठेल गांव में गुरुवार सुबह सुरक्षा कर्मियों के साथ मुठभेड़ में दो संदिग्ध दंगाइयों की मौत हो गई तथा पांच अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि हथियारों से लैस ‘दंगाइयों’ ने बिना किसी उकसावे के गोलीबारी की थी।

थलसेना ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने स्थिति को काबू में करने के लिए सुव्यस्थित तरीके से जवाब दिया। उन्होंने बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि एक और दंगाई मारा गया, लेकिन शव



बरामद नहीं किया जा सका है क्योंकि घटनास्थल पर रुक- रुक कर गोलीबारी हुई है। अधिकारियों ने बताया कि बाद में, दोनों दंगाई जिस समुदाय से आते हैं, उसके सदस्यों ने उनके शवों के साथ इंफाल में मुख्यमंत्री आवास तक जुलूस निकालने की कोशिश की।

पुलिस ने जब उन्हें मुख्यमंत्री आवास तक जाने से रोका तो जुलूस हिंसक हो गया। पुलिस ने इंफाल के बीचोबीच स्थित ख्वायरमबंद बाजार में एकत्र हुई भीड़ को खदेड़ने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया।

अधिकारियों ने कहा आरएएफ के साथ पुलिस कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। इसके बाद, वे शव को यहां जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान स्थित मुर्दाघर ले गए। इस बीच भाजपा के एक कार्यालय पर हमला किया गया।

## बिहार: समारोह में फिसलकर गिरे राज्यपाल, बाल-बाल बचे



*पटना। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर गुरुवार को यहां एक समारोह स्थल की ओर जाते समय फिसल कर गिर गए, लेकिन वह बाल-बाल बच गए और उन्हें कोई चोट नहीं आई। राज्य की ओर से यहां स्वतंत्रता सेनानी मुंगेरी लाल की पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए इस समारोह का आयोजन किया गया था। मौके पर मौजूद एक अधिकारी ने कहा कि जब राज्यपाल फिसलकर गिरे तो वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों और अधिकारियों ने उन्हें तुरंत उठाया। उन्हें कोई चोट नहीं आई और सुरक्षाकर्मियों की सहायता से वह तुरंत उठ गए। आर्लेकर बाद में कार्यक्रम स्थल की ओर चले गए जहां बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनके कैबिनेट सहयोगियों सहित अन्य प्रतिष्ठित अतिथि भी मौजूद थे।*

### बिहार के शिक्षा विभाग का आदेश

# कर्मचारियों के लिए नया ‘फरमान’, ऑफिस में जींस-टीशर्ट बैन

एजेंसी | पटना

बिहार के शिक्षा विभाग ने कर्मचारियों को कार्यालय में जींस व टी-शर्ट जैसे ‘कैजुअल’ कपड़े न पहनने का निर्देश दिया और कहा कि यह चलन कार्यस्थलों की संस्कृति के खिलाफ है। शिक्षा विभाग के निदेशक (प्रशासन) ने एक आदेश में कर्मचारियों के टी-शर्ट और जींस पहनकर कार्यालयों में आने पर आपत्ति जताई। आदेश में कहा गया है कि यह देखा गया है कि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी ऐसी पोशाक पहनकर कार्यालय आ रहे हैं जो कार्यालय संस्कृति के खिलाफ है। कार्यालय में अधिकारियों या अन्य कर्मचारियों का ‘कैजुअल’ कपड़े पहनना कार्यालय की कामकाज की संस्कृति के विरुद्ध है। आदेश में कहा गया कि इसलिए सभी अधिकारी व कर्मचारी शिक्षा विभाग के कार्यालयों में ‘फॉर्मल’ कपड़े पहनकर आएं। शिक्षा विभाग के कार्यालयों में तत्काल प्रभाव से किसी भी ‘कैजुअल’ पोशाक खासकर जींस व टी-शर्ट पहनने की अनुमति नहीं होगी। आदेश पर बिहार के शिक्षा मंत्री चन्द्रशेखर की प्रतिक्रिया जानने के लिए उनसे कई बार संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।



### सारण जिला मजिस्ट्रेट ने ‘ड्रेस’ पर भी लगाई थी रोक

सारण जिले के जिला मजिस्ट्रेट ने अप्रैल में सभी सरकारी कर्मचारियों के सरकारी कार्यालयों में जींस व टी-शर्ट पहनने पर रोक लगा दी थी। बिहार सरकार ने 2019 में राज्य सचिवालय में कर्मचारियों के जींस व टी-शर्ट पहनने पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसका मकसद ‘कार्यालय की मर्यादा’ बनाए रखना बताया गया है। सरकार ने राज्य सचिवालय के कर्मचारियों को कार्यालय में सादे, सुविधाजनक और हल्के रंग के कपड़े पहनने के लिए कहा है।

## मरीज के सुरक्षा प्रोटोकॉल से समझौता नहीं

### मुस्लिम MBBS स्टूडेंट की मांग पर IMA- KGMOA की आपत्ति

**तिरुवनंतपुरम।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) सहित कई चिकित्सीय संगठनों ने ऑपरेशन थिएटर में लंबी आस्तीन वाली जैकेट और ‘सर्जिकल हुड’ पहनने की मुस्लिम एमबीबीएस छात्राओं के एक समूह की मांग पर गुरुवार को कड़ी आपत्ति जताई।आईएमए ने कहा कि अस्पताल और ऑपरेशन थिएटर में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण व्यक्ति मरीज होता है और उनकी सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक न हो, इसके लिए वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य मौजूद ‘प्रोटोकॉल’ का पालन किया जाना चाहिए। केरल गर्वमेंट मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन (केजीएमओए) ने भी इसी प्रकार के विचार साझा करते हुए कहा कि इस तरह के अनुरोध को मंजूरी देना वैज्ञानिक और नैतिक रूप से गलत होगा। आईएमए के राज्य अध्यक्ष डॉ. सुल्फी नोहू ने कहा कि एसोसिएशन मौजूदा दिशा-निर्देशों के मुताबिक ही चलना चाहता है। केजीएमओए के अध्यक्ष डॉ. सुरेश टीएन का कहना है कि ऑपरेशन थिएटर में संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए एक तंत्र होता है और वैज्ञानिक पहलू के लिहाज से उस प्रोटोकॉल का पालन किया जाना चाहिए।

### टीवी अभिनेत्री चाहत पांडे आप में हुईं शामिल

**नई दिल्ली।** टीवी अभिनेत्री चाहत पांडे गुरुवार को आप में शामिल हो गईं। पांडे ने कहा कि वह पार्टी की विचारधारा से प्रभावित हैं और अपने गृह राज्य मध्य प्रदेश के लोगों के कल्याण के लिए काम करना चाहती हैं। राष्ट्रीय महासचिव संदीप पाठक ने उनका स्वागत किया। पाठक ने कहा कि एमपी में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार है। भाजपा- कांग्रेस भी अलग नहीं हैं और दोनों ने वस्तुतः अपने-अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए राज्य का शोषण किया है। लोग राज्य में आप को मौका देना चाहते हैं। राज्यसभा सदस्य ने कहा कि चाहत राजनीति में आने के लिए फिल्म जगत की दुनिया छोड़ दी है।

## दिव्य कला मेला: राज्यपाल ने दिव्यांगजनों की कला की ब्रांडिंग पर दिया जोर

# जयपुर में जेकेके के मंच पर दिखा स्पेशल लोगों का स्पेशल क्रिएशन

बेधड़क | जयपुर

स्पेशल लोगों का स्पेशल क्रिएशन जयपुर के मंच पर आया तो हर कोई रोमांचित हो उठा। इस दौरान गवर्नर कलराज मिश्र ने उनकी ब्रांडिंग कर प्रोत्साहित करने पर बल दिया। जब दिव्यांगजन अपनी आर्ट शोकेस कर रहे थे तो उनकी आंखों में भविष्य की चमक नजर आ रही थी।

किसी भी प्रोफेशनल और नॉर्मल कलाकार की तरह उनका आत्मविश्वास खास था। ये अनूठा नजारा था जवाहर कला केन्द्र में दिव्य कला मेले का, जिसमें राज्यपाल कलराज मिश्र ने दिव्यांगजनों के उत्पादों की वृहद स्तर पर ब्रांडिंग कर उनके हुनर और शिल्प कौशल को प्रोत्साहन दिए जाने पर जोर दिया। उन्होंने उद्घाटन के बाद जयपुरवासियों से आह्वान किया कि अधिकाधिक संख्या में आकर मेले में प्रदर्शित उत्पादों को अपनाएं।

राज्यपाल मिश्र ने केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित दिव्य कला मेले में कहा कि दिव्यांगजनों के हुनर और उनके कौशल को जनता तक पहुंचाने की दिशा में इस तरह के मेलों की सार्थकता है। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण बात यह कि इन आयोजनों से दिव्यांगों में आत्मविश्वास का सृजन होता है और उनके आर्थिक सशक्तीकरण को बल मिलता है।



### वितरित किए सहायक उपकरण

इस अवसर पर राज्यपाल ने उपस्थित जन को संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया और मूल कर्तव्यों का पठन किया। इससे पहले राज्यपाल ने दिव्यांग उद्यमियों द्वारा निर्मित विशिष्ट हस्त शिल्प, हथकरघा और अन्य उत्पादों का अवलोकन किया और उनके शिल्प कौशल की सराहना की। दिव्यांग स्वावलम्बन योजना के तहत दिव्यांगजन को स्वरोजगार शुरू करने के लिए रियायती ऋण की स्वीकृतियां, ट्राइसाइकिल, हियरिंग एड, वॉकिंग स्टिक आदि सहायक उपकरण वितरित किए। कार्यक्रम में केन्द्रीय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के संयुक्त सचिव राजेश यादव, उप महानिदेशक किशोर बी. सरवाड़े सहित देशभर से आए दिव्यांगजन, कारीगर और हस्तशिल्पी उपस्थित रहे।

### हर दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण मेले

राज्यपाल ने कहा कि दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिए ही नहीं, भारतीय कला और शिल्प के प्रसार की दृष्टि से भी ये मेले महत्वपूर्ण हैं। बाजारवाद और विज्ञापन के दौर में ऐसे मेले कलाओं और संस्कृति से जुड़ी मन की अभिव्यक्ति को उत्पाद के रूप में सामने लाते हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि देश में अलग-अलग राज्यों में दिव्य कला मेलों का आयोजन कर वहां के दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित उत्पादों को मंच प्रदान किया जा रहा है। इसी प्रकार दिव्यांगजन की कला प्रतिभा को पहचान देने के लिए दिव्य कला शक्ति कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। समाज से इन आयोजनों को मिल रहे समर्थन से दिव्यांगों में नई आशा और स्वावलम्बन की भावना का संचार हो रहा है। देश में 13 हजार शिविरों का आयोजन कर 25 लाख दिव्यांगजन को सहायक उपकरण वितरित किए गए। इस मौके पर सांसद रामचरण बोहरा ने कहा कि दिव्यांगजन के कल्याण के लिए विशेष पहल की है। विभिन्न योजनाओं से उनके हुनर को निखारकर उन्हें मुख्यधारा में लाने का कार्य किया जा रहा है।



## विकास कार्यों का लोकार्पण



**बेधड़क. जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने 3 वार्डों 125, 136, और 144 में विकास कार्यों का शुभारंभ एवं लोकार्पण किया। नटवर कुमावत ने बताया कि सराफ ने मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में 28वें ट्यूबैल का लोकार्पण किया। विधायक कोष से 8 लाख 36 हजार से वार्ड 144 आदर्श कृष्णा नगर कॉलोनी में ट्यूबवैल का लोकार्पण किया। वार्ड 125 सेक्टर 7 में पार्षद कोटे से नई सीवर लाइन डलवाई गई है एवं विधायक की अनुशंसा पर सीसी सड़कों का नवीनीकरण कराया गया है। वार्ड 136 महेश नगर ब्रज वाटिका के पीछे अवधपुरी कॉलोनी में विधायक की अनुशंसा पर सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों का नवीनीकरण करवाया जा रहा है, जिसका शुभारंभ सराफ ने किया।

## हनुमान चालीसा का न्योता



**बेधड़क, जयपुर।** मुरलीपुरा में 4 जुलाई की शाम सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन होगा। कार्यक्रम से जुड़े राजेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि हनुमान प्रतिमा के सामने संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ होंगे। इसके लिए गुरुवार को घर-घर संपर्क किया गया। इस मौके पर पोस्टर का विमोचन भी किया गया। इस दौरान मनोज, हाकिम सिंह, देवेंद्र शर्मा, छाजू चौधरी, विक्रम सिंह, सुरेंद्र शेखावत, विनोद शर्मा, प्रदीप गुप्ता, राजेंद्र शर्मा, विनोद, ताराचंद अग्रवाल, मोतीलाल सैनी, जयप्रकाश अग्रवाल, शिवकमार, पं. श्याम सुंदर, राजेश शर्मा, आशीष भारद्वाज सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## इंटरलॉक टाइल का कार्य शुरू



**बेधड़क. जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर के वार्ड 58 में स्थानीय पार्षद इंद्र प्रकाश धाभाई ने सरोवर प्रोटिको के सामने की तरफ नित्यानंद नगर ए में इंटरलॉकिंग टाइल का कार्य विधिवत शुरू करवाया। इस अवसर पर नित्यानंद नगर विकास समिति के पदाधिकारी और वार्डवासी उपस्थित रहे।

# City इवेंट्स

## एक मंच पर आई महिलाएं



**बेधड़क, जयपुर।** महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए मान द वैल्यू फाउंडेशन की ओर से महिलाओं को एक मंच पर लाया गया। इस दौरान महिला सशक्तीकरण पर चर्चा के दौरान हर किसी ने अपने विचार रखे। फाउंडेशन की संस्थापक मनीषा सिंह ने बताया कि अगस्त में आने वाले मान अवॉर्ड्स के साथ साथ चर्चा में शिक्षा, आर्थिक अवसर, नेतृत्व भूमिकाएं, कला व संस्कृति और सामाजिक स्वरूपों पर बातचीत हुई।

## ब्रजभाषा की काव्य गोष्ठी आज

बेधड़क, जयपुर। राजस्थान ब्रजभाषा अकादमी की मासिक काव्य गोष्ठी शुक्रवार को दोपहर 3 बजे से अकादमी भवन में होगी। अकादमी सचिव गोपाल लाल गुप्ता ने बताया कि यह छठी काव्य गोष्ठी है, इस बार की समस्या पूर्ति का विषय 'रजनी उजियारी' रखा गया है। सभी स्थानीय ब्रजभाषा के कवियों को इसमें भाग लेने के लिए निमंत्रित किया गया है। समस्या रजनी उजियारी के ऊपर मत्तगयंद सवैया के दो छंद के रूप में पूर्ति करके लानी है। सभी कवियों को एक समस्या पूर्ति के अलावा कोई एक नवीन रचना सुनानी है। इसके अलावा 20 शब्द भी ब्रजभाषा के लिखकर लाने हैं।

## फूड, ट्रेवल एंड वेडिंग महाकुंभ 3 को

**बेधड़क, जयपुर।** पर्यटन उद्योग के राजस्थान रत्नों द्वारा विश्व मंच पर किए गए कार्यों को पहचान और बढ़ावा देने के लिए अपनी तरह की एक अनूठी पहल में शुभ फूड, ट्रेवल एंड वेडिंग टूरिज्म एक्सपो, समिट एंड अवार्ड्स-2023 का आयोजन जयपुर में किया जाएगा। 3 जुलाई को सीतापुरा स्थित होटल क्राउन प्लाजा में होने वाले आयोजन में प्रमुख सचिव राजस्थान पर्यटन विभाग गायत्री राठौड़ मुख्य अतिथि होंगी। आयोजक राजन कायस्थ ने बताया कि वहां पैकेज, प्रोडक्ट्स और सेवाओं के लिए कलिनरि, ट्रेवल एंड वेडिंग टूरिज्म मार्केट में नए बैंचमार्क्स स्थापित करेंगी।

## हॉन्गकॉन्ग में खेलेंगी प्रदेश की बेटियां





**बेधड़क, जयपुर।** हॉन्गकॉन्ग में शुक्रवार से 9 जुलाई तक खेले जाने वाली एशियन महिला जूनियर हैंडबॉल चैम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम में राजस्थान की 2 बेटियों ने जगह बनाई है। ये हैं माया व शारदा कंवर, जो अब विदेशी धरती पर राजस्थान का मान बढ़ाएंगी। मुकाबला करने के लिए भारतीय महिला हैंडबॉल टीम गुरुवार को हॉन्गकॉन्ग पहुंची, जहां उनका वेलकम किया गया। राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि माया सेंटर बैंक की पॉजिशन पर व शारदा कंवर लेफ्ट बैंक की पॉजिशन पर खेलती हैं।

### लॉन्च की गई ट्रॉफी: आज होगी अवॉर्ड सेरेमनी

## शिल्पा शेट्टी जयपुर में देंगी इंडो इंटरनेशनल अचीवर्स अवॉर्ड





बेधड़क | जयपुर

अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के साथ समाज में अच्छा स्थान बना चुके 70 लोगों को बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी जयपुर के मंच पर सम्मानित करेंगी। मौका होगा शुक्रवार को जयपुर मैरियट में होने वाले इंडो इंटरनेशनल अचीवर्स अवॉर्ड का। इससे पहले ट्रॉफी लॉन्च की गई, जिसे मुख्य अतिथि हुकुम सिंह कुंपावत सहित आयोजक रिंकु सिंह गुर्जर और अंबालिका शास्त्री ने लॉन्च किया। इस दौरान क्लब ओनर आशीष शर्मा, डॉ. अरविन्द-पूजा अग्रवाल, विकास जैन, नरेश अग्रवाल उपस्थित रहे। वहां हुए लाइव म्यूजिक गाला का शहर के इन्फ्लुएंसर्स, डिजाइनर्स, मॉडल्स और एंटरप्रेन्योर ने आनंद उठाया। रिंकू सिंह गुर्जर ने बताया कि देशभर से चुने गए 40 से ज्यादा केटेगरी में 70 प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

### 1950 में सवाई मानसिंह ने भी जीती थी चैंपियनशिप

## परदादा की परंपरा बढ़ाई आगे पद्मनाभ ने जीती चैंपियनशिप



बेधड़क | जयपुर

राजधानी के पोलो प्लेयर ने फ्रांस में झंझे गाड़े और बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए शहर, प्रदेश और देश का मान बढ़ाया। जयपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य पद्मनाभ सिंह ने पेरिस के पास खेल के मैदान में कॉम्पिटिटर टीम को मात दी, क्योंकि फ्रांस की सेंटे मेस्मे पोलो टीम ने रोमांचक मैच में मौजूदा चैम्पियन कजाक को 11-9 से हराया। कजाक टीम को पिछले कई वर्षों में कोई नहीं हरा पाया था, लेकिन इस बार सेंटे मेस्मे पोलो टीम ने कजाक को हराकर प्रतिष्ठित '129 ओपन दे पेरिस' जीत लिया। फाइनल मैच हाल ही में पोलो दे पेरिस में हुआ, जिसे बैगाटेल के नाम से भी जाना जाता है और यह पेरिस से सिर्फ 12 किलोमीटर दूर है। विजेता टीम के सदस्य जयपुर के सवाई पद्मनाभ सिंह ने मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फाइनल में 3 गोल किए। वह पिछले 4 वर्षों से सेंटे मेस्मे टीम के लिए खेल रहे हैं। गौरतलब है 1950 में पद्मनाभ सिंह के परदादा सवाई मान सिंह ने भी इसी टीम के लिए यह ट्रॉफी जीती थी। पद्मनाभ सिंह ने कहा, रोमांचक मैच में विजेता टीम का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं। इससे मुझे बहुत गर्व की अनुभूति होती है, कि मैं सर्वकालिक महान पोलो खिलाड़ी सवाई मान सिंह की लिगेसी को जी रहा हूं।

**एग्जीबिशन** | वाराणसी में जयपुर के कलाकार की आर्ट ने किया अट्रैक्ट

# काशी में बिखरे छोटी काशी की कला के विविध रंग

बेधड़क | जयपुर

जयपुर की कला ने काशी में छोटी काशी के रंग बिखेरे। श्रीनाथ जी के रूप में सजी कला को गवर्नर के साथ वहां के आर्टिस्ट ने भी सराहा। क्योंकि उत्तर प्रदेश के वाराणसी में इंस्टिट्यूट ऑफ फाइन आर्ट की कला दीर्घा में काशी इंटरनेशनल आर्ट एग्जीबिशन-2023 का आयोजन किया गया। यहां बंग्लादेश, अमेरिका, तिब्बत, नेपाल तथा भारत के कई प्रदेशों के कलाकारों की कृतियों के बीच जयपुर की कलाकार की कृति भी खास आकर्षण बनी हुई है।



### राज्यपाल ने किया मोटिवेट

यहां प्रदर्शित कला की खास बात यह है कि जयपुर के कलाकार इसमें शामिल तो हैं ही। साथ ही साथ उनका क्रिएशन लुभा रहा है। प्रदर्शनी का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने किया। प्रदर्शनी में जयपुर से डॉ. रेणु शाही की कृति 'श्रीनाथ जी' को काशी के दर्शकों की ओर से बहुत पसंद किया जा रहा है। यह चित्र मूलरूप से राजस्थान के नाथद्वारा की लोक कला शैली व लघु चित्रण से प्रभावित कृति है। श्रीकृष्ण के बाल रूप में गोबरधनधारी स्वरूप को दिखाती कृति चित्रकार के प्रयोगात्मक कलाकर्म के आधार पर बनाई गई है।

### आज होगा कला प्रदर्शनी का समापन

गौरतलब है प्रदर्शनी का शुक्रवार को अंतिम दिन होगा। इससे पहले हजारों आर्ट लवर्स ने जयपुर की इस आर्ट को प्रोत्साहित किया। जयपुर की कलाकार रेणु वर्तमान में जयपुर में रहते हुए कला के क्षेत्र मे सक्रिय है तथा अध्यापन के साथ लेखन व चित्रण का कार्य करते हुए देश-विदेश की कला प्रदर्शनियों में सहभागिता कर रही हैं। यही कारण है कि उन्होंने यूपी के काशी को भी अपने आर्ट को प्रदर्शित करने के लिए चुना।



**ट्रैफिक पुलिस ने की किशोर की गोली मार कर हत्या:** दो दिनों से धधक रहा फ्रांस... कई शहरों में प्रदर्शन, पथराव और आगजनी

# पुलिस पर पथराव, गाड़ियों में लगाई आग




**नानटेरे, डिजॉन और पेरिस में आगजनी**

उग्र प्रदर्शनकारियों ने बुधवार रात नानटेरे में कूड़ेदानों में आग लगा दी और कई जगह खड़ी गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। इसके साथ ही प्रदर्शनकारियों ने पेरिस के पश्चिम में हाउट्स-डी-सीन क्षेत्र और पूर्वी शहर डिजॉन में भी आगजनी की। पुलिस ने कहा कि राजधानी के दक्षिण में एस्सोन क्षेत्र में लोगों के एक समूह ने सभी यात्रियों को उतारने के बाद एक बस में आग लगा दी। इसके अलावा भी कई शहरों में प्रदर्शन जारी हैं।

**एजेंसी** | पेरिस

फ्रांस में 17 साल के एक किशोर की ट्रैफिक जांच के दौरान गोली मारकर हत्या कर दिए जाने के बाद से लगातार दो दिनों से फ्रांस धधक रहा है। प्रदर्शनकारियों ने राजधानी पेरिस और आसपास के उपगनरीय इलाकों में पुलिस पर न सिर्फ पत्थरबाजी की है बल्कि कई गाड़ियों को आग लगा दी है।

फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने पुलिस ज्यादती को "अक्षम्य" बताते हुए आमजनों से न्याय के लिए शांति की अपील की है। पेरिस और आसपास के उप नगरों में पुलिस बल के हजारों जवानों के तैनात किया गया है। पेरिस के उपनगर नैनटेरे में यातायात जांच के दौरान मंगलवार की सुबह एक किशोर को घातक रूप से गोली मार दी गई थी, जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद लोगों में जबरदस्त गुस्सा है। बुधवार रात को पेरिस के आसपास के उपनगरों में लगभग 2,000 जवानों को तैनात किया गया था।



### मैक्रों ने कहा: किशोर की हत्या अक्षम्य

फ्रांस के आंतरिक मंत्री गेराल्ड डर्मैनिन ने कहा कि अब तक कुल 31 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हिंसक घटनाओं में 24 पुलिस अधिकारी घायल हो गए हैं, जबकि मंगलवार की रात से बुधवार की सुबह तक 40 कारें जला दी गईं हैं। राष्ट्रपति मैक्रों ने मार्सिले यात्रा के दौरान कहा, "एक किशोर की हत्या कर दी गई। यह अक्षम्य है।" स्टार फुटबॉलर किलियन एम्बाप्पे सहित फ्रांसीसी मशहूर हस्तियों ने किशोर की मौत पर आक्रोश और दुख व्यक्त किया है। बता दें कि पीड़ित की पहचान नैनटेरे के नाहेल एम के रूप में हुई है, जिसे मंगलवार सुबह पीली मर्सिडीज चलाते समय यातायात नियम तोड़ने के लिए दो पुलिस अधिकारियों ने पकड़ लिया था और गोली मार दी थी।

**बच्चों और सशस्त्र संघर्ष पर संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट...**

# भारत का नाम हटाया गया

**एजेंसी** | संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने 'बच्चों की बेहतर सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों' का हवाला देते हुए बच्चों और सशस्त्र संघर्ष पर अपनी वार्षिक रिपोर्ट से भारत का नाम हटा दिया है।

साल 2010 के बाद से बच्चों और सशस्त्र संघर्ष पर महासचिव की रिपोर्ट में सशस्त्र समूहों द्वारा बच्चों की कथित भर्ती और उनके इस्तेमाल के मामले में बुर्किना फासो, कैमरून, लेक चाड बेसिन, नाइजीरिया, पाकिस्तान और फिलीपीन जैसे अन्य देशों के साथ भारत के नाम का उल्लेख जम्मू-कश्मीर में सशस्त्र समूहों के साथ संबंध के आरोप में या राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा बच्चों को हिरासत में लेने जैसे कदमों के कारण किया जाता था।

गुतारेस ने पिछले साल अपनी रिपोर्ट में कहा था कि उन्होंने अपने विशेष प्रतिनिधि के साथ भारत सरकार की बातचीत का स्वागत किया है और उन्हें लगता है कि भविष्य में भारत का नाम इस रिपोर्ट से हटाया जा सकता है।



### यह बोले संयुक्त राष्ट्र प्रमुख

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने बच्चों और सशस्त्र संघर्ष पर अपनी 2023 की रिपोर्ट में कहा, "बच्चों की बेहतर सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों को देखते हुए, भारत का नाम 2023 की रिपोर्ट से हटा दिया गया है।" गुतारेस ने जुलाई 2022 में बाल संरक्षण के लिए सहयोग के क्षेत्रों की पहचान करने के लिए गत नवंबर में जम्मू-कश्मीर में बाल संरक्षण को मजबूत करने के संबंध में आयोजित कार्यशाला पर प्रकाश डाला।

### बच्चों पर बल प्रयोग पर बैन

रिपोर्ट में बाल संरक्षण को लेकर सुरक्षा बलों का प्रशिक्षण, बच्चों पर बल प्रयोग पर प्रतिबंध, 'पैलेट गन' का इस्तेमाल बंद करना और यह सुनिश्चित करना शामिल है कि कोई रास्ता न रह जाने पर ही, और कम अवधि के लिए बच्चों को हिरासत में लिया जाए। हिरासत में दुर्व्यवहार को रोकने के उपायों के कार्यान्वयन और किशोर न्याय अधिनियम तथा यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम के पूर्ण कार्यान्वयन पर भी जोर दिया।

**पुतिन के लिए यूक्रेन में नहीं लड़ेगी 'भाड़े की सेना'**

# वैगनर ग्रुप ने ठुकराया रूसी कॉन्ट्रैक्ट

**एजेंसी** | मॉस्को

यूक्रेन युद्ध के बीच रूसी राष्ट्रपति पुतिन को बड़ा झटका लगा है। रूसी सैन्य नेतृत्व के खिलाफ असफल विद्रोह छेड़ने वाले वैगनर ग्रुप ने यूक्रेन में लड़ने से इनकार कर दिया है। भाड़े की सेना के ग्रुप वैगनर का प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन अब रूस के लिए लड़ने का इच्छुक नहीं है। एक वरिष्ठ रूसी सांसद ने गुरुवार को कहा है कि वैगनर ग्रुप के प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन ने रूसी सेना के साथ नया कॉन्ट्रैक्ट साइन करने से इनकार कर दिया है। दरअसल, रूस चाहता था कि नए कॉन्ट्रैक्ट के तहत वैगनर ग्रुप उसके रक्षा मंत्रालय के अधीन काम करे। प्रिगोझिन ने इससे इनकार कर दिया है। सांसद ने कहा, "जैसा कि आप जानते हैं, विद्रोह के प्रयास से कुछ दिन पहले ही रक्षा मंत्रालय ने साफ कर दिया था कि युद्ध में जुटे सभी संगठनों को रक्षा मंत्रालय के साथ कॉन्ट्रैक्ट पर हस्ताक्षर करना होगा।"

उन्होंने कहा, "सबने मंत्रालय के इस फैसले को लागू करना शुरू कर दिया है। प्रिगोझिन को छोड़कर सभी इसको मान रहे हैं।" प्रिगोझिन ने 11 जून को कहा था कि उनके वैगनर लड़ाके रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु के साथ किसी भी तरह का कॉन्ट्रैक्ट साइन नहीं करेंगे।

### हिजाब पर बैन लगा सकता है फुटबॉल महासंघ

**पेरिस।** फ्रांस के सर्वोच्च प्रशासनिक न्यायाधिकरण ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश का फुटबॉल महासंघ मैचों में हिजाब पर प्रतिबंध लगा सकता है। काउंसिल आफ स्टेट द्वारा यह व्यवस्था देने से पहले हिजाब पहनने वाली कुछ फुटबॉल खिलाड़ियों ने प्रतिबंध के खिलाफ अपील की थी। फ्रांस फुटबॉल महासंघ ने महिलाओं के हिजाब पहनकर खेलने पर प्रतिबंध लगा रखा है। वहीं, फीफा हिजाब पहन खेलने की अनुमति देता है ।

**पाकिस्तान: अहमदिया मुसलमानों के लिए ऐलान**

# बकरीद पर नहीं दे सकते कुर्बानी

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पुलिस ने अल्पसंख्यक अहमदिया मुसलमानों को कुर्बानी (बलिदान) आयोजित करने और ईद अल-अजहा मनाने से रोकने के निर्देश जारी किए हैं। पाकिस्तान में इस समुदाय को लगातार उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय पुलिस स्टेशनों को भेजे गए नोटिस में कर्मियों से अहमदियों को कुर्बानी करने से रोकने के लिए कहा गया है। इसके पीछे वजह दी गई है कि यह अन्य मुसलमानों के लिए अपमानजनक है। बयान में कहा गया है कि अगर कोई अहमदिया व्यक्ति इन निर्देशों का उल्लंघन करता है, तो उसे जेल या वित्तीय दंड का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि इससे तनाव पैदा होगा और चरमपंथी तत्वों को फायदा होगा।

पाकिस्तान में अहमदिया की आबादी के 0.22% से 2.2% के बीच होने का अनुमान लगाया गया है। पाक में अहमदिया अल्पसंख्यक हैं और अक्सर ही धार्मिक उत्पीड़न और भेदभाव का शिकार होते हैं। प्यू रिसर्च सेंटर की रिपोर्ट के अनुसार, केवल 7% पाकिस्तानी अहमदियों को मुस्लिम मानते हैं। पिछले साल भी पाकिस्तानी पुलिस ने अहमदिया समुदाय के तीन सदस्यों को ईद-उल-अजहा के अवसर पर पंजाब प्रांत में अपने घर में जानवरों की कुर्बानी देने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

**अजूबों से भरा लाल ग्रह!**

# मंगल पर पत्थर का विशालकाय 'डोनट'

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

मंगल ग्रह पर उतरने के बाद से नासा का परसेवरेंस रोवर ने मंगल ग्रह से एक अजीबोगरीब चट्टान की फोटो भेजी है, जिसका आकार 'डोनट' जैसा है यानी उसके बीच में एक छेद है। इसे एक दुर्घटनाग्रस्त उल्कापिंड माना जा रहा है।

यह कई पत्थरों से घिरा नजर आ रहा है। कैलिफोर्निया स्थित सेटी इंस्टीट्यूट ने सोमवार को ट्वीट किया, 'नासा परसेवरेंस ने 23 जून 2023 को सुपरकैम रिमोट माइक्रो-इमेजर का इस्तेमाल करके दूर से डोनट के आकार की एक चट्टान की तस्वीर ली, जो छोटे टुकड़ों के बीच एक बड़ा उल्कापिंड हो सकता है।'



### वहां क्यों हैं अजीब चट्टानें!

किताब जैसी इस चट्टान को 'टेरा फर्म' नाम दिया गया था। नासा के अधिकारियों के अनुसार मंगल की चट्टानों का इस तरह का अजीब आकार आमतौर पर अरबों साल पहले क्षेत्र में पानी के रिसाव के कारण होता है, जब लाल ग्रह पर बहुत अधिक पानी था। नासा का क्यूरियोसिटी रोवर अगस्त 2012 से मंगल ग्रह के गेल क्रेटर की खोज कर रहा है। वहीं परसेवरेंस रोवर जेजेरो क्रेटर में अपना काम जारी रखे हुए है।

### पहले दिखा था 'एलियन का दरवाजा'

फरवरी में क्यूरियोसिटी रोवर ने लाल ग्रह पर एक अजीब चमकदार धातु की चट्टान का पता लगाया था। इससे पहले क्यूरियोसिटी ने एक और अजीब चट्टान को देखा था, जिसे 'एलियन का दरवाजा' कहा जा रहा था। यह संभवतः मंगल पर भूकंपीय गतिविधियों के कारण बनी थी। मई में नासा के क्यूरियोसिटी रोवर को लाल ग्रह पर अपने 3,800वें दिन एक चट्टान मिली थी, जो एक किताब की तरह दिखती थी।




Sach Bedhadak SachBedhadak Sach Bedhadak sach_bedhadak



सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl